## एक नजर

### किसान नेताओं ने दी धरने की चेतावनी

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन-अराजनैतिक ने कलीनगर क्षेत्र के गांव सिमरा तालुके महाराजपुर में सीलिंग की भूमि कब्जा मुक्त कराने के लिए डीएम को संबोधित मांग पत्र तहसीलदार में सौंपा। किसानों ने कहा कि कई दिनों से वे मांग कर रहे हैं। मगर कार्रवाई नहीं हो रही है। इसमें कहा कि 19 फरवरी तक सरकारी भूमि कब्जा मुक्त न हुई तो यूनियन कलीनगर तहसील में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेगी। ज्ञापन देने वालों में अखिलेश यादव, राजेंद्र कुमार, रामानंद, हाशिम, पवन कुमार आदि थे।

### ऑनलाइन हॉजिरी के विरोध में 19 को देंगे ज्ञापन

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बैठक शुक्रवार को रामलीला मैदान में हुई। जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। तय किया गया कि 19 फरवरी को ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जनपद में 1295 ग्रामीण सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं जिसमें 40 प्रतिशत कर्मचारी अशिक्षित हैं, जिनके लिए ऑनलाइन उपस्थिति लगाना संभव नहीं है। ऐसे में 19 फरवरी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे। मौके पर जिला महामंत्री अजय छैला, देवेश राठौर, दिनेश भारती, रामसेवक वाल्मीकि, बली मोहम्मद, शाहिद नबी, हरनारायण, कांता प्रसाद, वेद प्रकाश, रामनिवास, हरद्वारी लाल, हरपाल, वाहिद अली, करमचंद, कुमार, दीपचंद आदि मौजूद रहे।

# इंतजाम सख्तः पुलिस भर्ती परीक्षा में 9120 अभ्यर्थी बैठेंगे आज

## परीक्षा संपन्न कराने के लिए बनाए गए नौ परीक्षा केंद्र, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट भी किए तैनात, केंद्र पर रहेंगे सात पुलिस कर्मी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** आरक्षी नागरिक पुलिस पद के लिए होने वाली सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा जिले के नौ कॉलेजों में होगी। 17 व 18 फरवरी को होने वाली परीक्षा में 18240 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। शनिवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में 9120 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर सात-सात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहेगी। इसके अलावा नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सचल दल भी बनाए गए हैं। साथ ही सभी केंद्रों पर होने वाली परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से भी होगी।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा जिले में आरक्षी नागरिक पुलिस की लिखित परीक्षा आज और कल दो दिन होनी हैं। यह परीक्षा दो-दो पालियों में होगी। इसके लिए जिले में नौ केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर दोनों दिन 9120-9120 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के लिए आठ केंद्र शहर में बनाए हैं, जबकि एक बीसलपुर तहसील में बनाया गया है। इसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी रामा इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, हाफिज रहमत खां इंटर कॉलेज, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, हाफिज रहमत खां डिग्री कॉलेज, केकेएस विद्या मंदिर हाई सेकेंडरी बीसलपुर, वीरांगना अवंती बाई इंटर कॉलेज, चिरौंजीलाल वीरेंद्र पाल इंटर कॉलेज और पुष्प इंस्टीट्यूट को बनाया गया है। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। द्वितीय तीन बजे से पांच बजे तक चलेगी।

**निगरानी के लिए तैयारी पूरी :** शनिवार को सभी केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा को लेकर जिले के अलावा भर्ती बोर्ड मुख्यालय में भी दो कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, जहां परीक्षा केंद्रों की रियल टाइम मॉनीटरिंग की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड सीधे कंट्रोल रूम को मिलेगी। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। निगरानी के लिए दो सचल दल का भी गठन किया गया है। प्रति दो केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है।

परीक्षा केंद्र पर पहुंचने पर, अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र के सत्यापन के बाद ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। साथ ही अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक/आइरिस और फोटोग्राफ भी लिया जाएगा। बोर्ड ने अभ्यार्थियों का परीक्षा शुरू होने से दो घंटा पहले पहुंचने के निर्देश दिए हैं।इतना ही नहीं परीक्षा समाप्त होने तक किसी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नही दी जाएगी।

**इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर रहेगा प्रतिबंधः** पुलिस की लिखित परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। गाइडलाइन के अनुसार अभ्यर्थी को अपना मोबाइल,घड़ी, एटीएम कार्ड, जैसे उपकरणों को बाहर ही छोड़ना पड़ेगा। अगर चेकिंग में किसी के पास कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पाया जाता है। वहां संबंधित ड्यूटी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

### परीक्षा केंद्र में कितने रहेंगे अभ्यर्थी

| परीक्षा केंद्र का नाम | प्रथम पाली | द्वितीय पाली |
|---|---|---|
| राजकीय बालिका इंटर कॉलेज | 408 | 408 |
| रामा इंटर कॉलेज | 480 | 480 |
| एस एन इंटर कॉलेज | 408 | 480 |
| हाफिज रहमत इंटर कॉलेज | 480 | 480 |
| ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल | 504 | 504 |
| हाफिज रहमत खां डिग्री कॉलेज | 408 | 408 |
| के केएस पब्लिक स्कूल | 384 | 384 |
| अवंती बाई इंटर स्कूल | 504 | 504 |
| चिरौंजीलाल वीरेंद्र पाल इंटर कॉलेज | 600 | 600 |
| पुष्प इंस्टीट्यूट | 408 | 408 |

### कमिश्नर, आईजी ने परीक्षा केंद्र पर परखे इंतजाम



**पीलीभीत।** पुलिस भर्ती परीक्षा से एक दिन पूर्व शुक्रवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी बरेली डा.राकेश सिंह ने तैयारियों को परखा। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर जाकर व्यवस्थाएं चेक की। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पुनिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

### एडमिट कार्ड के साथ देनी होगी आईडी

पुलिस परीक्षा के दौरान अभ्यार्थियों को एडमिट कार्ड के साथ एक आईडी प्रूफ देना होगा। इसमें गाइडलाइन के अनुसार अभ्यर्थी फोटो पहचान पत्र के रूप में मूल आधार कार्ड लाएं। फोटो पहचान पत्र के रूप में मूल पैन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस /ई-आधार की हार्ड कॉपी भी अनुमान्य रहेगी। वैध/अनुमान्य फोटो पहचान पत्र के बिना, अभ्यर्थी को परीक्षा के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। कोई अन्य पहचान पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### 462 शिक्षकों की रहेगी ड्यूटी

पुलिस भर्ती प्रवेश परीक्षा के लिए माध्यमिक और बेसिक शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के तौर लगेगी। इसमें 462 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 231 बाह्य कक्ष निरीक्षक है, जो बाहर से आएंगे। साथ ही 231 ही आंतरिक शिक्षक निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो कक्ष में ड्यूटी करेंगे। कक्ष निरीक्षकों को भी कक्ष में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

### बढ़ाए जाएंगे रोडवेज बसों के फेरे

पुलिस आरक्षी परीक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने भी तैयारियां पूरी कर ली है। जिले के रहने वाले युवाओं का परीक्षा केंद्र मुरादाबाद, अमरोहा, कौशांबी आदि स्थानों पर पड़ा है। एआरएम पवन श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में दिल्ली रूट पर 42 बसें चल रही है। मुरादाबाद, रामपुर और अमरोहा होते हुए बसें जाती हैं। इसके अलावा दस बसें रामपुर मुरादाबाद तक जाती है। साथ ही पांच बसों का रिजर्व किया गया है ताकि समस्या होने पर उन्हें चलाया जाएगा। बाहरी जिलों से आने वाले अभ्यर्थियों को केंद्र तक पहुंचाने के लिए बीसलपुर रूट पर बसों के फेरे बढ़ा गए हैं। इस रूट पर पांच बसें चलती है। जिनके फेर बढ़ा दिए गए हैं।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। शिक्षकों की ड्यूटी के साथ केंद्र व्यवस्थापक आदि भी तैनात किए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। साथ ही पुलिस बल भी तैनात रहेगा। **-गिरजेश कुमार चौधरी**, डीआईओएस।

## एडीएम ने खर्च किए गए बजट का ब्यौरा किया तलब

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पुनिया ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से शासन से मिले 3.79 करोड़ रुपये से किए गए भुगतानों का ब्यौरा तलब किया है। राज्य वित्त आयोग से प्रदेश की निकायों को दिसंबर माह में बजट का आवंटन किया गया था। इसमें नगर पालिका पीलीभीत को 3.79 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई थी। शासन से मिली इस धनराशि से कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मियों एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को भुगतान किया जाना था। बताते हैं कि पालिका प्रशासन द्वारा आवंटित धनराशि से कार्यरत, सेवानिवृत एवं आउटसोर्स कर्मचारियों का भुगतान भी कर दिया गया। शासन के निर्देशानुसार पालिका प्रशासन ने धनराशि के खर्च संबंधी रिपोर्ट भी शासन को भेज दी। बताते हैं कि इसके बावजूद भी कई कर्मचारियों को बकाया भुगतान नहीं हो सका है। इधर, मामला संज्ञान में आने पर एडीएम ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने शासन से मिली धनराशि के खर्च का मदवार ब्योरा तलब किया है।

**▸▸ राज्य वित्त आयोग से प्रदेश की निकायों को दिसंबर माह में बजट का आवंटन किया गया था**

## वाचरों को 16 माह में से छह माह का मिला मानदेय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**▸▸ अब 10 माह के बकाया को करना होगा इंतजार**

**▸▸ पीलीभीत टाइगर रिजर्व में तैनात हैं 240 वन वाचर**

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा में लगे वन वाचरों को आखिकार 16 माह के लंबे इंतजार के बाद छह माह का मानदेय मिल ही गया। हालांकि इन वाचरों को शेष बचे 10 माह के मानदेय के लिए अभी और इंतजार करना होगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सभी पांच रेंजों में करीब 240 वन वॉचर तैनात है। दिन-रात जंगलों के भीतर अपनी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी करने वाले इन वाचरों को मात्र 9,634 रुपये ही प्रति मानदेय दिया जाता है। खास बात यह है कि पीटीआर में स्टाफ की कमी को पूरा करने वाले इन वाचरों को एक-एक साल बीत जाने के बाद भी वेतन नहीं मिल पाता है। वर्तमान में पीटीआर में तैनात वाचर पिछले 16 माह से बिना मानदेय ही ड्यूटी करते आ रहे हैं। अधिकतर वाचर वेतन न मिल पाने के कारण कर्जे में डूब चुके हैं। इसके अलावा वाचरों की ड्यूटी की कोई सीमा नहीं है। इधर 16 माह के लंबे इंतजार के बाद प्रोजेक्ट टाइगर फंड से मिली 1.36 करोड़ की धनराशि से इन सभी वाचरों को छह माह के मानदेय का भुगतान कर दिया गया। अब इन वाचरों को 10 माह के बकाया शेष है।

पीटीआर में तैनात दैनिक कर्मचारियों को छह माह का मानदेय दे दिया गया है। बजट मिलते ही बकाया मानदेय भी दे दिया जाएगा। **-नवीन खंडेलवाल**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

## श्रमिक के नाम से बनाई फर्म, पता लगने पर की शिकायत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** एक श्रमिक से काम का झांसा देकर कागजात ले लिए गए और फिर उसी के नाम से फर्म बना दी गई। इसकी जानकारी होने पर श्रमिक ने पुलिस से शिकायत की है। थाना क्षेत्र के ग्राम जगीपुर जैतपुर निवासी रघुवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। करीब डेढ़ साल पहले उत्तराखंड के रुद्रपुर और फिर नोएडा जाकर काम किया था। नोएडा में कुछ लोगों ने काम दिलाने की बात कहकर उनके कागजात ले लिए थे। अब पता चला है कि उनके नाम से उक्त लोगों ने फर्जी फर्म बना रखी है। जिसका अभी तक पीड़ित को पता ही नहीं था। अन्य श्रमिकों ने इसके बारे में जानकारी की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कैमरे के सामने खोले जाएं प्रश्न पत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**▸▸ गांधी स्टेडियम में स्थित प्रेक्षागृह में बुलाई स्टेटिक व केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक**

**▸▸ डीएम ने की समीक्षा, बोर्ड से जारी गाइडलाइन का पालन करने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। परीक्षा को नकलविहीन करने के लिए डीएम ने जोनल सेक्टर, केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों समेत ड्यूटी में लगे समस्त कर्मचारियों की बैठक ली। स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सीसीटीवी कैमरे के सामने ही प्रश्न पत्र खोले जाएं। साथ ही परीक्षा समाप्त होने पर कॉपियां भी कैमरे के सामने ही सील होंगी। अगर लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई शत प्रतिशत की जाएगी।

गांधी प्रेक्षागृह में हुई बैठक डीएम संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी के अलावा जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गए एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह, एसडीएम कलीनगर आशुतोष गुप्ता, बीसलपुर एसडीए महिपाल सिंह, पूरनपुर एसडीएम राजेश शुक्ला एसडीएम अमरिया अजीत प्रताप सिंह भी शामिल हुए। डीएम ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के पास भीड़ न लगने दें। कक्ष के सभी सीसीटीवी चलते मिलने चाहिए। परीक्षार्थी सीट प्लान के हिसाब से बैठेंगे। बालिका की तलाशी सिर्फ महिला शिक्षक ही करेंगी। परीक्षा शुरू होने से पहले ही शौचालय आदि को चेक कर लें। हर केंद्र में सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश, पंखा, महिला व पुरुष के लिए अलग शौचालय होना चाहिए। पेपर खोलते समय यह अवश्य चेक कर लें कि जिस विषय की परीक्षा है उसी विषय का पेपर है या नहीं। स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही खोले जाएं।

केंद्र के 500 मीटर तक कोई फोटो कॉपी, स्कैनर आदि की कोई दुकान खुली न रहे। मोबाइल, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रानिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बिना सूचना के गैरहाजिर होने पर कार्रवाई की जाएगी। अगर, आकस्मिक स्थिति बनती है तो डीआईओएस को सूचना देना होगी। नकल पकड़े जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक के अतिरिक्त अन्य किसी कर्मचारी के पास मोबाइल न रखे और केंद्र पर जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वह अपना आई कार्ड अवश्य रखें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर कंट्रोल रूम नंबर 05882-299009 पर सूचना दें। किसी भी केंद्र पर नकल मिलती है तो उसकी जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापक की होगी। नकल करते पकड़े जाने पर तत्काल कॉपी को सील करने के निर्देश दिए गए। उसकी सूचना देने के बाद दो घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया।



बोर्ड परीक्षा को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद केंद्र व्यवस्थापक स्टेटिक मजिस्ट्रेट।

### गैरहाजिर रहे कर्मचारियों का मांगा ब्योरा

परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की ओर से बुलाई गई बैठक में कई केंद्र व्यवस्थापक और बाहरी केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट गायब रहे। जबकि बैठक की सूचना पहले ही दे दी गई थी। बैठक में मौजूद न देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। इस पर जिलाधिकारी ने डीआईओएस से बैठक से गैरहाजिर कर्मचारियों की सूची मांगी है। जिन पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

## व्यापारियों ने फूंका सीएमओ का पुतला

संवाददाता, पूरनपुर

**▸▸ सड़क पर प्रसव के दौरान नवजात की मौत पर जताया आक्रोश, की नारेबाजी**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सड़क पर हुए प्रसव के दौरान नवजात की मौत के मामले में व्यापारियों ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ कई दिनों बाद आक्रोश जाहिर किया। व्यापारियों ने नारेबाजी करते मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) का पुतला फूंका। सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार हावी होने का आरोप लगाया है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय मंत्री विजयपाल विक्की के नेतृत्व में शुक्रवार को व्यापारी मंडी समिति परिसर में एकत्र हुए। इस दौरान जिला अस्पताल के बाहर महिला के प्रसव होने और नवजात की मौत के मामले में नाराजगी व्यक्त की गई। व्यापारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका।

व्यापारी नेता ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार हावी है। बिना रुपये दिए किसी सुविधा का लाभ नहीं दिया जाता। जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड आदि सुविधाओं के लिए भी निर्धनों को रुपये देने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार सीएमओ से इस संबंध में शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन करने वालों में इश्हाक अहमद, सोनू, किशोर, विकास गुप्ता, आकाश गुप्ता, मुकुल गुप्ता, सौरभ गुप्ता राजू गुप्ता, विनोद गुप्ता, जमील खान आदि व्यापारी थे।



सीएमओ का पुतला फूंकने के दौरान नारेबाजी करते व्यापारी। ● अमृत विचार

## फिजिकल एक्टिविटी का हुआ पेपर, एक अनुपस्थित रहा

**पीलीभीत, अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो गई है। हालांकि जिले में पहले दिन मात्र एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा थी। फिजिकल एक्टिविटी का पेपर था। इस दौरान केंद्र के बाहर व्यवस्थाएं सख्त दिखी।

जहां फिजिकल एक्टिविटी का पेपर हुआ। बीसलपुर के मदर्स पब्लिक स्कूल में फिजिकल एक्टिविटी के पेपर में कुल 77 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। मदर्स स्कूल की प्रधानाचार्य तृप्ति पांडे ने बताया कि फिजिकल एक्टिवटी का पेपर कराया गया था। मात्र इस केंद्र पर ही परीक्षा थी। शेष परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी।

## रोड शो निकालकर श्रीअन्न के उपयोग व फायदे बताए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**▸▸ स्कूली बच्चों समेत 600 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

**अमृत विचार :** मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत शहर में द्वितीय मिलेट्स रोड शो का आयोजन किया गया। रोड शो के दौरान लोगों को मिलेट्स के उपयोग और उससे होने वाले फायदों के प्रति जागरूक किया गया। रोड शो में करीब 600 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कालेज से शुरू हुए मिलेट्स रोड शो की शरुआत मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने झंडी दिखाकर कराई। रोड शो में परिषदीय स्कूल, इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं, आंगनबाडी कार्यकत्री, प्रगतिशील कृषक, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग, नेहरु युवा केंद्र एवं कृषक उत्पादक संगठन के प्रतिनिधियों आदि ने भाग लिया। रोड शो के दौरान लोगों को मिलेट्स (श्री अन्न) ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, सांवा, कुटकी, काकून एवं चीना के पोषक तत्वों के विभिन्न प्रकारों, उपभोग एवं उत्पादन के बारे में जागरूक किया गया। श्री अन्न में पाये जाने वाले पोषक तत्वों एवं श्री अन्न को दैनिक भोजन में उपयोग करने से होने वाले फायदों के बारे में बताया गया। बताया कि यदि महिलाएं श्री अन्न को दैनिक भोजन में प्रयोग करती हैं तो खून एवं कैल्शियम की कमी से होने वाली बीमारियों से परिवार के सदस्यों का बचाव किया जा सकता है। कॉलेज परिसर से शुरू हुआ रोड शो गांधी स्टेडियम में पहुंचकर समाप्त हो गया। रोड शो में उप कृषि निदेशक संतोष कुमार सविता, जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्याम नारायण राम, भूमि संरक्षण अधिकारी गणेश शंकर परिहार, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर कौशल किशोर, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



मिलेट्स रोड शो में शामिल मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

## गन्ना घटतौली पर भड़के भाकियू कार्यकर्ता, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**▸▸ सदर तहसील में पंचायत कर समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा**

**▸▸ कहा- जब धर्मकांटे से तौल करवाकर गन्ना क्रय केंद्र पर ले जाते हैं तो कर्मी नहीं करते भरोसा**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक पंचायत में गन्ना क्रय केंद्रों पर हो रही घटतौली समेत विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन भी किया। समस्याओं से संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

सदर तहसील परिसर में शुक्रवार को हुई तहसील स्तरीय पंचायत में जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने कहा कि जिले में गन्ना किसानों का शोषण किया जा रहा है। गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली की जा रही है। किसान जब धर्मकांटे से तौल करवाकर गन्ना क्रय केंद्र पर ले जाता है तो क्रय केंद्र प्रभारी धर्म कांटे की पर्ची को नहीं मानता है। इसमें दो से तीन क्विंटल का फर्क निकल रहा है। तहसील अध्यक्ष रामगोपाल प्रजापति ने कहा की जनपद के पेट्रोल पंपों पर घटतौली की जा रही है। यह घटतौली पंप मालिकों और अधिकारियों की सांठगांठ से की जा रही है। नंदकिशोर राठौर ने कहा कि सदर तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सदर तहसील के क्षेत्रीय लेखपाल विरासत, दाखिल खारिज एवं प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर अवैध वसूली रहे हैं। ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाी चाहिए। सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार प्रखर सिंह को सौंपा।

इस मौके पर जिला बॉट माप अधिकारी सहायक नंदिता गुप्ता भी रही। पंचायत में बाल मुकुंद प्रजापति, राम बहादुर पाल, ओम प्रकाश मौर्य, सुखलाल गंगवार, रोशन लाल गंगवार, डालचंद मौर्य, सुखलाल श्रीवास्तव, रामकुमार श्रीवास्तव, सुरेश पासवान, डोरीलाल पाल, रामश्री आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सदर तहसील में प्रदर्शन करते भाकियू भानू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## खेत से ट्रैक्टर ट्रॉली निकालने से रोकने पर कर दी पिटाई

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पिपरिया भजा निवासी नन्हेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नौ फरवरी को वह अपने खेत पर पशुओं के लिए वरसीन काट रहे थे।

इस बीच गांव के ही चेतराम, कमलेश, राजेश आकर खेत से गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली निकालने लगे। इसके लिए मना किया तो वे नहीं माने। जब इसका विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। इसके बाद बांका लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। एसओ रूपा बिष्ट ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

## नहीं दिखा ग्रामीण भारत बंद का असर

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियन महासंघों के ग्रामीण भारत बंद की कॉल जिलेभर में बेअसर रही। रोजमर्रा की तरह किसानों ने अपने कामकाज निपटाए। खेती-किसान से जुड़े प्रतिष्ठान, जैसे खाद, पेस्टीसाइड विक्रेताओं की दुकानें खुली रहीं।

इस बीच अखिल भारतीय किसान महासभा ने जरूर पूरनपुर तहसील में विरोध प्रदर्शन किया। महासभा के राष्ट्रीय सचिव अफरोज आलम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को मांगपत्र सौंपा। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार ने किसानों से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा किया जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी का कानून बनाया जाए। किसानों का कर्ज माफ हो। मजदूर विरोध चार श्रमिक कोड रद किए जाएं। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करें। मनरेगा में 200 दिन काम और 600 रुपये की दिहाड़ी तय की जाए। किसान सम्मान निधि बढ़ाकर सालाना 18 हजार रुपये हो। महासभा ने ऐसी ही 12 मांगें उठाई हैं। हालांकि इस बीच स्थानीय प्रशासन ग्रामीण भारत बंदी की टोह लेने में जुटा रहा। अखिल भारतीय किसान महासभा के अलावा से कहीं से कोई विरोध के स्वर नहीं उठे। इस दौरान देवी दयाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




पूरनपुर तहसील में प्रदर्शन करते अखिल भारतीय किसान महासभा के कार्यकर्ता।

**▸▸ पूरनपुर में किसान महासभा ने किया प्रदर्शन**

**▸▸ किसानों ने निपटाए काम, खुले रहे प्रतिष्ठान**

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# जन औषधि केंद्र पर दवाएं नहीं, जेब करनी पड़ रही ढीली

## अव्यवस्था: 1759 दवाओं की श्रेणी और 273 सर्जिकल आइटम का लगाया बोर्ड, मगर उपलब्धता 50 फीसदी भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार की ओर से जन औषधि केंद्र खोले गए जहां मरीजों को सस्ती दवा मिल सके। मगर मेडिकल कॉलेज में बने जन औषधि केंद्र की हालत बदहाल है। यहां दवाओं की उपलब्धता नहीं है। जिस वजह से मरीजों को बाहरी मेडिकल स्टोर से दवा खरीदनी पड़ रही है। जिस वजह से मरीजों के तीमारदारों को जेब ढीली करना पड़ रही है। आलम यह है कि आर्डर लगने के बाद भी दवाओं की सप्लाई अभी तक नहीं मिल सकी है।

गंभीर बीमारियों के लिए बाहर से मंगाई जाने वाली दवाओं में मरीजों को कम से कम 50 फीसदी छूट दिए जाने के मकसद से मेडिकल कॉलेज कैंपस में वर्ष 2017 में जन औषधि केंद्र खोला गया है। यहां पर जेनेरिक दवाइयां मिलती हैं, जो ब्रांडेड कंपनियों की दवाइयों से काफी सस्ती हैं। जन औषधि केंद्र पर 1759 जेनेरिक दवा और 273 सर्जिकल आइटम उपलब्ध होने का दावा किया जाता है लेकिन धरातल पर जनऔषधि केंद्र पर दवाओं का टोटा बना हुआ है। नियम है कि ऑर्डर लगने के सप्ताह भर के भीतर दवा उपलब्ध हो जानी चाहिए। मगर जिले में ऐसा नहीं हो रहा है। वर्तमान बीपी, शुगर, कैल्शियम, मल्टीविटामिन, पैड, टायपर, प्रोटीन आदि की डिमांड 15 दिनों से पहले भेजी थी लेकिन अभी तक दवाओं की सप्लाई नहीं मिल सकी है, जो स्टॉक उपलब्ध है। उन्हें डॉक्टर नहीं लिख रहे हैं। उन दवाओं को डॉक्टर बाहर से लिख रहे हैं, जो जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध नहीं है। वर्तमान समय में यूरिक एसिड, लिवर इंफेक्शन, खुजली, स्किन, गैस, और कैंसर आदि की दवाएं उपलब्ध नहीं है। जिस वजह से मरीजों को गेट पर बने स्टोर से दवा खरीदनी पड़ रही है। मरीजों का कहना है कि जो दवा डॉक्टर लिखते हैं। वह जन औषधि केंद्र पर मिलती नहीं है। डॉक्टर भी सॉल्ट की जगह ब्रांड का नाम लिख रहे हैं।



जन औषधि केंद्र पर दवा लेते तीमारदार। ● अमृत विचार



जन औषधि केंद्र में खाली दवा की रैक।

दवाओं का ऑर्डर लगा हुआ है। इन दिनों ऑडिट चल रहा है। जिस वजह से दवाएं देरी से आ रही हैं। सोमवार तक स्टॉक आने की पूरी संभावना बनी हुई है। सर्जिकल आइटम नहीं रखे जाते हैं। क्योंकि वह मरीजों को अस्पताल में ही उपलब्ध हो जाते हैं। अभी दवा का स्टॉक है। -**अजीत शर्मा**, स्टोर संचालक, जन औषधि केंद्र।

▸▸ स्टॉक का दे रखा है ऑर्डर, दवा पहुंचने में हो जाती है देरी

▸▸ पर्चे में लिखी संबंधित दवा न होने पर ब्रांडेड दवा खरीदनी पड़ती है

### इन दवाओं की मांग अधिक, स्टॉक कम

| सॉल्ट का नाम | बीमारी | जेनरिक दाम | ब्रांडेड में दाम |
|---|---|---|---|
| अर्सोडिऑक्सीकोलिक एसिड | लिवर | 150 रुपये में 10 गोली | 472 रुपये |
| मेटफार्मिन ग्लीमिप्राइड | शुगर | 67 रुपये 10 गोली | 105 रुपये |
| टेल्मिसर्टन 40 एमजी | बीपी | 15 रुपये में 10 गोली | 165 रुपये |
| गबापेंटिन मिथाइलकोबालामिन | न्यूरो | 44 रुपये में 10 गोली | 250 रुपये |
| टरबीनाफाइन 250 एमजी | खुजली | 38 रुपये में 10 गोली | 105 रुपये |

### क्या कहते हैं मरीज



मेडिकल कॉलेज में दिखाने के लिए पहुंचे थे। जहां डॉक्टर ने उन्हें अस्पताल में दवा न होने पर स्किन की दवा बाहर से लिखी थी। जन औषधि केंद्र की जानकारी होने पर दवा लेने के लिए पहुंचे। मगर वह दवा स्टोर पर उपलब्ध नहीं थी। इसलिए बाहर के मेडिकल स्टोर से दवा खरीदना पड़ा। -**राजू लोधी**, मोहल्ला थान सिंह



मेडिकल कॉलेज में जन औषधि केंद्र तो खुला हुआ है। मगर वहां दवाएं नहीं मिल पाती है। बच्ची के लिए खांसी का सिरप डॉक्टर ने लिखा था, जो उपलब्ध नहीं था। इसलिए निजी मेडिकल स्टोर से दवा लेना पड़ी। साथ ही आंखों का ड्रॉप भी नहीं है। डॉक्टर को दूसरी विकल्प की दवा लिखनी चाहिए थी। -**मिश्रीलाल**, मोहल्ला बाग गुलशेर खां

## कबाड़ के गोदाम में काम कर रहे युवक को पीटा, रिपोर्ट

**पीलीभीत।** शहर के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी निजाम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 की शाम साढ़े छह बजे उसका छोटा भाई इकबाल मोहल्ले में ही कबाड़ के गोदाम में काम कर रहा था। इस बीच मोहल्ला बेनी चौधरी निवासी अरवाज उर्फ बट्टू अपने दो साथियों संग आया और भाई से गाली गलौज कर पिटाई कर दी। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच करा रहे हैं।

## छात्रा को अगवा करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** माधोटांडा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बच्चों को पढ़ाने के लिए पूरनपुर नगर में किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। आरोप है कि 13 को उनकी बेटी कॉलेज में आयोजित विदाई समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकली। इस दौरान वह रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। जब बेटी की खोजबीन शुरू की तो पता लगा कि नेतराज यादव और श्याम सुंदर यादव ने उनकी बेटी का अपहरण किया है। दो दिन बाद मिली तहरीर पर कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि छात्रा की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट : बीसलपुर :** कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री को तेरह फरवरी की शाम करीब पांच बजे ग्राम अमृता खास निवासी विशाल बहला फुसलाकर ले गया। पुत्री की काफी तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं लग सका। अब कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की बरामदगी के लिए पुलिस ने टीम लगाई है।

# इंडो-नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने को बढ़ेगी संयुक्त पेट्रोलिंग, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** इंडो-नेपाल सीमा पर तस्करी पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए नेपाल के अधिकारियों संग बैठक करने के साथ ही संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। कमिश्नर और आईजी बरेली ने बैठक कर पुलिस-प्रशासन और एसएसबी के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान पिलर्स की स्थिति जानी और उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

गांधी सभागार में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ.राकेश सिंह की अध्यक्षता में इंडो-नेपाल सीमा के प्रभावी प्रबंधन एवं नियंत्रण के लिए टास्क फोर्स की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें सीमावर्ती इलाके से संबंधित पिलर्स की मरम्मत, संयुक्त पेट्रोलिंग, जाली मुद्रा, मानव तस्करी, खाद तस्करी, वाहन चोरी आदि मामलों के साथ ही अन्य आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करने के संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग के निर्देश दिए। कमिश्नर और आईजी ने कहा कि अभियान चलाकर तस्करी पर शत प्रतिशत रोक लगाई जाए। एसडीएम पूरनपुर, एसडीएम कलीनगर, खुफिया विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नेपाल राष्ट्र के सीडीओ व पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर मीटिंग करें। सीमावर्ती क्षेत्र में, जो भी गतिविधियों हो रही हो, उन पर चर्चा करें और रोक लगाई जाए।

एसपी अतुल शर्मा को निर्देश दिए कि गांवों में कैंप लगाकर गतिविधियों के बारे में जानकारी ली जाए। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनें और निस्तारण कराएं। इसमें बताया गया कि टावरों पर बैटरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। एसएसबी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नोमेंस लैंड इलाके में खेती करने वालों पर रोक लगाएं। एसएसबी के अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में कई पिलर्स जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं, जो कि मरम्मत योग्य हैं। ऐसे में पिलर्स की नियमित निगरानी और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आश्वस्त करते हुए कहा कि कड़ाई से निर्देशों का अनुपालन कराया जाएगा। इस मौके पर डीएफओ टाइगर रिजर्व नवीन खण्डेलवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, एसडीएम कलीनगर आशुतोष गुप्ता, एसडीएम पूरनपुर राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।



गांधी सभागार में हुई बैठक में मौजूद कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ.राकेश सिंह, डीएम संजय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ पिलर्स की सुरक्षा और निगरानी के लिए हुई बातचीत, कई बिंदुओं पर भी की गई चर्चा

▸▸ कमिश्नर और आईजी ने की इंडो-नेपाल सीमा की सुरक्षा संबंधी बैठक

## कच्ची शराब में यूरिया मिलाते युवक गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को कच्ची शराब में यूरिया मिलाते धर दबोचा। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि दरोगा अजीत सिसोदिया पुलिस बल के साथ गुरुवार को गश्त पर थे। तभी राजघाट पार्क और कब्रिस्तान के बीच देवहा नदी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर दबिश दी गई। यहां से बरेली जिले के थाना नवाबगंज क्षेत्र के मोहल्ला यासीन नगर निवासी रिजवान को गिरफ्तार किया गया। वह दस लीटर कच्ची शराब में यूरिया मिला रहा था। शराब के अलावा उसके कब्जे से 355 ग्राम यूरिया भी बरामद हुई। आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

**नगदी और मोबाइल चोरी**

**बीसलपुर:** नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद नई बस्ती निवासी अंकित शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार रात को वह खाना खाकर सोने चले गए। देर रात एक चोर उनके मकान में घुस आया और कमरे में रखा मोबाइल व नगदी चोरी कर भाग गया। आहट होने पर वह जाग गए। इस पर चोर भागता दिखा। उसी वक्त यूपी 112 पर कॉल कर सूचना दी गई थी। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# 1200 करोड़ की परियोजना से विकास को लगेंगे पंख

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले के औद्योगिक विकास को 1200 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार है। लखनऊ में 19 फरवरी को होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर जिला स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है जिसमें दस और जनपद स्तर पर होने वाले समारोह में 106 परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी।

प्रदेश के औद्योगिक विकास को धरातल पर उतारने के लिए लखनऊ में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 10 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले निवेशकों को आमंत्रित किया गया है, जबकि 10 करोड़ से कम निवेश करने वाली परियोजनाओं का जनपद स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में आरंभ किया जाना है। डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्रीज के मुताबिक लखनऊ में होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जनपद के 10 निवेशक भाग लेंगे। वहीं, जनपद स्तर पर होने वाले समारोह में 96 परियोजनाओं का आरंभ किया जाएगा। यह समारोह शहर के एक होटल में आयोजित किया जाना है। विभाग द्वारा समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई है। जनपद स्तर पर होने वाले समारोह को लेकर निवेशकों समेत उद्यमियों को आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है।



नवनिर्मित औद्योगिक इकाई का जायजा लेते डिप्टी कमिश्नर उद्योग आत्मदेव शर्मा।

▸▸ 10 करोड़ से अधिक निवेश वाले 10 निवेशक लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में करेंगे प्रतिभाग

▸▸ जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में 96 परियोजनाओं की होगी शुरुआत

### एमएसएमई के सर्वाधिक 37 एमओयू

जनपद के औद्योगिक विकास के लिए जो 106 एमओयू साइन किए गए हैं। यह एमओयू वन विभाग, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, गन्ना विभाग समेत 12 विभागों से जुड़े हैं। इसमें अकेले 37 एमओयू सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) से जुड़े हैं। खास बात यह है कि जिन 12 औद्योगिक इकाइयां द्वारा प्रोडक्शन शुरू करने की बात कही जा रही है, यह सब भी एमएसएमई से जुड़ी है।

जनपद के औद्योगिक विकास को लेकर उद्यमियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेंगे। लखनऊ में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जनपद के 10 निवेशक हिस्सा लेंगे। उसी दिन जनपद स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में 106 परियोजनाओं का आरंभ किया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुरू की जा चुकी है। -**आत्मदेव शर्मा**, डिप्टी कमिश्नर, उद्योग विभाग

### दस माह में 162 से बढ़कर 257 हुए एमओयू

जनपद में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए गत वर्ष फरवरी में इंवेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था। उस दौरान छह हजार 700 करोड़ के निवेश के साथ 162 निवेशकों द्वारा एमओयू साइन किए गए थे। औद्योगिक ढांचे की मजबूती के लिए जिले के उद्यमियों से लगातार संपर्क कर उन्हें निवेश के लिए प्रेरित किया गया। जिला स्तर पर हर माह होने वाले उद्योग बंधुओं की बैठक में भी उद्यमियों को निवेश के लिए प्रेरित किया गया। उद्यमियों के प्रोत्साहन को एमओयू इंप्लीमेंटेशन यूनिट का भी गठन किया गया। इससे निवेशकों का झुकाव और बढ़ा। इसका नतीजा यह रहा कि 10 माह में आठ हजार 800 करोड़ के निवेश के साथ निवेशकों की संख्या 162 से बढ़कर 257 हो गई। इधर, अब जनपद में 1200 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार है। विभाग के मुताबिक इस निवेश से एक-दो साल में करीब 106 औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इसमें 12 औद्योगिक इकाइयों ने प्रोडक्शन भी शुरू कर दिया है। यह इकाईयां, ललौरीखेड़ा, कलीनगर, पूरनपुर आदि जगहों पर स्थापित की गई हैं।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती, राजस्थान ले जाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, बीसलपुर

▸▸ आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं संग सीओ से शिकायत करने पहुंची युवती

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति की युवती ने आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं संग सीओ कार्यालय पहुंचकर कुछ लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। जेवर-नगदी भी छीनने का आरोप लगाया है।

सीओ बीसलपुर को दिए शिकायती पत्र में क्षेत्र की एक युवती ने बताया कि इंस्टाग्राम पर उसकी पहचान बरेली के एक युवक से हो गई थी। खाटू श्याम राजस्थान ले जाने के बहाने से 31 दिसंबर 2023 को फोन करके बरेली सेटेलाइट पर बुलाया। घर से जाते समय वह अपनी मां की 10 ग्राम की सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, कान के कुंडल और 18 हजार रुपये ले गई थी। राजस्थान पहुंचकर युवक ने अपने साथ शादी करने का झांसा दिया। वहीं अपने दो साथियों को बुलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। विरोध करने पर मारपीट की और नगदी जेवर भी छीन लिया। फिर वापस बरेली सेटेलाइट लाकर उसे डरा धमकाकर छोड़ दिया। युवती के साथ आजाद समाज पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष नईम रजा भी अन्य कार्यकर्ताओं संग पहुंचे और सख्त कार्रवाई की मांग की। सीओ विशाल चौधरी का कहना है किजांच के आधार पर कार्रवाई कराएंगे।

# बिना नोटिस 11 आउटसोर्सिंग कर्मियों की सेवा समाप्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नगर पालिका के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन न निकलने का मामला अभी शांत नहीं हो सका था कि पंप चालक के तौर पर काम करने वाले 17 में से 11 कर्मचारियों की सेवा समाप्त किए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं। बिना नोटिस सेवा समाप्ति पर संबंधित 11 कर्मचारियों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर दुखड़ा सुनाया। जलकल प्रभारी और ठेकेदार की लिखित शिकायत की।

डीएम कार्यालय में की गई शिकायत में बताया कि वह 2009 व 2014 में आउट सोर्सिंग के माध्यम से नगर पालिका परिषद पीलीभीत में पंप चालक के रूप में कार्यरत थे। निरंतर 10-12 घंटे पंप चलाने का कार्य उनसे लिया जाता रहा। 15 फरवरी को दोपहर तीन बजे अचानक कार्यालय बुलाया गया। फिर जलकल प्रभारी और ठेकेदार ने 17 में से पीड़ित 11 कर्मचारियों की सेवा समाप्त होने की बात कह दी। जबकि किसी को भी कोई सूचना और नोटिस तक नहीं दिया गया। सीधे सेवा समाप्त कर दी गई है। कहा कि सालों से वह काम करते आ रहे हैं, जो कि नगर पालिका के अभिलेखों में देखा भी जा सकता है। आरोप लगाया कि उन्हें काम का पूर्ण मानदेय भी नहीं दिया जाता है। इसके बाद परिवार का भरण पोषण मुश्किल हो गया है। भुखमरी के हालात बन गए हैं। शिकायत करने वालों में नूर मोहम्मद, रिषव सक्सेना, अबरार, रोहित कुमार, विनोद कुमार, रोहन सक्सेना, सूरज कुमार, विनय , विनोद समेत 11 सेवा समाप्ति वाले कर्मचारी थे।



डीएम कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे पीड़ित कर्मचारी। ● अमृत विचार

▸▸ डीएम कार्यालय पहुंचकर लगाई गुहार, बोले- बन गए भुखमरी के हालात

▸▸ जलकल प्रभारी-ठेकेदार की शिकायत, नियत से कम वेतन देने का भी आरोप

### ईओ बोले- हमें तो जानकारी ही नहीं

एक तरफ 11 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवाएं समाप्ति के बाद शिकायत डीएम कार्यालय तक पहुंच गई। मगर उसके बाद भी जिम्मेदार खुद अनजान दिखाई दिए। नगर पालिका ईओ लालचंद भारती का कहना था कि उन्हें तो इसकी कोई जानकारी नहीं है। इसके बारे में पता किया जाएगा।

# दो सरकारी स्कूल के ताले तोड़कर हजारों की चोरी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** चोरों ने दो सरकारी स्कूलों के ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी कर लिया। सुबह स्कूल खुलने पर घटना की जानकारी लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर कलां के प्राथमिक विद्यालय और जूनियर विद्यालय एक ही प्रांगण में है। गुरुवार रात चोरों ने दोनों स्कूलों की रसोई के ताले तोड़ दिए। उच्च प्राथमिक विद्यालय की रसोई में रखे तीन सिलेंडर, भट्टी, दर्जनों बरतन, राशन , मसाले आदि सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय की रसोई में रखा भगौना और बच्चों के खेलकूद का सामान, संदूक से निकल ले गए। शुक्रवार सुबह जब प्रधानाध्यापिका रीता सिंह विद्यालय पहुंचीं तो रसोइयों ने उन्हें घटना के बारे में बताया। प्रधानाचार्य रीता सिंह ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। इसके साथ ही कार्रवाई के लिए कोतवाली में तहरीर देकर शिकायत की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। रीता सिंह ने बताया कि इससे पहले भी स्कूल में कई बार चोरी हो चुकी है। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।



सरकारी विद्यालय में रखे इसी संदूक से चोरी हुआ सामान।

▸▸ रसोई में रखे सिलेंडर, बर्तन और राशन हुआ चोरी

# कूटरचित अभिलेख पर लिया लोन, अब फंसे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ एसबीआई शाखा प्रबंधक ने चार पर कराई एफआईआर

▸▸ कोर्ट के आदेश पर न्यूरिया पुलिस ने की कानूनी कार्रवाई

**अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर न्यूरिया थाने में एसबीआई शाखा प्रबंधक न्यूरिया हुसैनपुर रणजीत कुमार गुप्ता की ओर से धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में चार अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है जिसमें ग्राम मरौरी निवासी सियाराम, ग्राम खरौंसा निवासी मेवाराम, न्यूरिया कॉलोनी निवासी परिमल राय और रानी कॉलोनी निवासी वासुदेव साना को आरोपी बनाया गया है।

दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया है कि आरोपी सियाराम ने 18 फरवरी 2017 को बैंक से 126900 रुपये का केसीसी लिमिट ऋण लिया था। इसे लेकर कुछ दस्तावेज बैंक में निष्पादित किए गए थे। ये शपथ पत्र दिया था कि उसके ऊपर अन्य किसी बैंक या वित्तीय संस्था, सहकारी समिति का कोई देय बकाया नहीं है। कृषि भूमि पाकसाफ बताई थी। 23 नवंबर 2022 को ऑनलाइन भूलेख से कृषि भूमि की फर्द खतौनी लेने पर पता चला कि आरोपी ने कूटरचित अभिलेखों की मदद से लोन लिया है। उस पर अन्य कई बैंकों की बकाएदारी है। इसी तरह से आरोपी मेवाराम ने सात जनवरी 2014 को बैंक से 1.85 लाख का केसीसी लिमिट ऋण लिया था। उसके द्वारा भी कूटरचित अभिलेख दिए गए। उसकी कृषि भूमि पर भी कई बैंकों का पहले से लोन था। आरोपी परिमल राय ने चार दिसंबर 2014 को 3.72 लाख का केसीसी लिमिट और आरोपी वासुदेव साना ने 1.76 लाख का केसीसी लिमिट लोन लिया था। इन दोनों ने भी कूटरचित अभिलेख बैंक को दिए। इसकी जानकारी भी ऑनलाइन चेक करने पर पता चली। उस वक्त शिकायतें पुलिस अधिकारियों से की गई लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी थी। तब जाकर कोर्ट की शरण ली गई।

कोर्ट के आदेश पर चार अलग-अलग मुकदमे धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में दर्ज किए गए हैं। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई कराई जाएगी। -**प्रदीप कुमार बिश्नोई**, एसओ न्यूरिया

# बंधक बना महिला से किया दुष्कर्म, पति पर रिपोर्ट

▸▸ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई, कहा-पति सुलह करने का बना रहा दबाव

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने क्षेत्र की एक महिला की ओर से उसके पति के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 23 नवंबर 2016 को हुई थी। कुछ समय बाद ही ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर भगा दिया। जिसकी रिपोर्ट बरखेड़ा थाना में दर्ज कराई गई थी। इसके अलावा भरण पोषण को लेकर न्यायालय में वाद चला। इसमें आदेश भी हो गए थे। इसके बाद पति मोबाइल मैसेज के जरिये मीठी बातें करता रहा। कहा कि वह उसे विदाकर ले जाएगा और अच्छे से रखेगा। इसके लिए वह मुकदमों में सुलह कर ले। दो नवंबर 2022 को पति ने सुलह के बहाने बरखेड़ा बुलाया। वहां से रुद्रपुर ले गया और तीन दिन तक कमरे में बंधक बनाकर जबरन दुष्कर्म किया। पुराने मुकदमों में सुलह न करने पर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। थाना पुलिस से लेकर अधिकारियों तक उस वक्त शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। तब जाकर कोर्ट की शरण ली। इंस्पेक्टर मृदुल कांत शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## पांच दिन पहले हुई चोरी की रिपोर्ट पुलिस ने की दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** पांच दिन पूर्व हुई दुकान में चोरी की रिपोर्ट कोतवाली पुलिस ने दर्ज की। नगर के मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी निवासी रियाज अहमद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी स्टेशन रोड पर बिजली व किराना की दुकान है। 12 फरवरी की रात नकब लगाकर घुसे चोर दुकान से 20 हजार रुपये, 1.65 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए थे। उस वक्त सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की थी। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चोरों के बारे में सुरागरसी करा रहे हैं।

## चोरी के मामले में दो लोगों पर एफआईआर

**बरखेड़ा।** जिरौनिया चौकी क्षेत्र के तीन गांवों में हुई छह मकानों में चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस ने दो एफआईआर अज्ञात पर दर्ज की हैं। हालांकि इसमें तीन चोरियों का ही जिक्र किया गया है। अन्य तीन को लेकर पुलिस दूसरे दिन भी अनभिज्ञता जताती रही। चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए टीम लगाकर सुरागरसी कराई जा रही है। घटना बुधवार देर रात हुई थी। ग्राम जिरौनिया निवासी सूरजपाल के घर से चोर संदूक का ताला तोड़कर दस हजार रुपये , कपड़े, बर्तन, गांव के ही सेवानिवृत्त शिक्षक लालाराम के मकान में खिड़की काटकर प्रवेश करके चोर 35 हजार रुपये, कपड़े, बर्तन चोरी, गांव मड़ियन निवासी शिवदयाल के यहां से दो हजार रुपये, मोबाइल की बैटरी, सत्येंद्र कुमार मौर्य के जनसेवा केंद्र से दो हजार रुपये, कंप्यूटर, मुड़ियन गांव के ही सूरजपाल घर से आठ हजार रुपये, अंगूठी, कपड़े, भैंसहा सतरापुर गांव निवासी दिनेश चंद्र के मकान से दस हजार रुपये, जेवरात समेत दो लाख कीमत का सामान चोरी हुए थे। गुरुवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की थी। पुलिस तीन घटना होने की बात कह रही थी। इस मामले में बरखेड़ा पुलिस ने पीड़ित दिनेश चंद्र और लालाराम की ओर से मिली तहरीर पर दो एफआईआर दर्ज की हैं। लालाराम की ओर से दर्ज रिपोर्ट में गांव के ही सूरजपाल के घर हुई चोरी का भी जिक्र किया गया है। इंस्पेक्टर मृदुल कांत शुक्ला ने बताया कि मामले में पड़ताल चल रही है। संदिग्धों के बारे में भी जानकारी करा रहे हैं, जल्द खुलासा किया जाएगा।

## एक नजर

### कृषक समाज कॉलेज पहुंचने का पता देवकली नहीं फत्तेपुर जाने

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा देने वाले ऐसे परीक्षार्थी जिनके प्रवेश पत्र पर परीक्षा केंद्र कृषक समाज इण्टर कॉलेज देवकली रोड, लखीमपुर खीरी अंकित हैं, उनका परीक्षा केंद्र ''कृषक समाज इंटर कॉलेज, फत्तेपुर लखीमपुर खीरी'' पढ़ा जाए। इसकी सूचना पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी की गई है। साथ-ही साथ यह सूचना पुलिस भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। परीक्षा केंद्र कृषक समाज इण्टर कॉलेज, फत्तेपुर कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत इमली तिराहा से मेला मैदान को जाने वाले मार्ग से सेठ घाट रोड पर करीब 700 मीटर की दूरी पर स्थित है।

### चयनित छात्रों के प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी

**लखीमपुर खीरी।** मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मंडल डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने चयनित छात्र छात्राओं के प्रमाण पत्र ऑनलाइन उपलब्ध करवा दिए हैं। इन चयनित छात्र छात्रा की फ़ोटो सहित प्रोत्साहन राशि दस हज़ार का भी उल्लेख किया गया है। बताया कि संबंधित प्रधानाचार्य और इंस्पायर अवार्ड प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि इंस्पायर अवार्ड मॉनक पोर्टल पर बनी स्कूल की आईडी को लॉगिन कर प्रमाण पत्र डाउनलोड कर चयनित छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र मुहैया करा दें।

### देशी बंदूक व ब्राउन शुगर बरामद, दो को पकड़ा

**पलिया कलां।** मझगईं थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को जहां अवैध देशी बंदूक, कारतूस सहित गिरफ्तार किया, वहीं दूसरे अभियुक्त को ब्राउन शुगर सहित गिरफ्तार कर चालान भेजा है। मझगईं थाना प्रभारी अवध राज सिंह सेंगर ने बताया कि उपनिरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह आदि ने गस्त के दौरान अभियुक्त जगन्नाथ निवासी ग्राम मुन्नापुरवा, मझगईं को उनके गांव के पास एक सूचना पर देशी बंदूक 12 बोर के साथ पकड़ा। उधर, पलिया-निघासन रोड पर गहरा पुल के पास थाना कोतवाली गोला गोकर्णनाथ के ग्राम भुड़वारा निवासी सलमान खान को जब हिरासत में लेकर जामा तलाशी ली तो उसके पास एक काली पॉलीथिन में 9.20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## बस कंडक्टर की नौकरी लगवाने के नाम पर 1.25 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- फर्जी लेटर ऑफ कांट्रेक्ट देने का आरोप, कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** रोडवेज विभाग में बस कंडेक्टर की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवकों ने उनके साले की नौकरी लगवाने के बहाने 1.25 लाख रुपये ले लिए। सदर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर से सटे गांव पिपरिया राजापुर निवासी शिवसरन राज ने बताया कि उनके परिचित अभिषेक तिवारी निवासी राजगढ़ व मोतीपुर (ओयल) निवासी ऋषि अवस्थी ने उसके साले नीरज निवासी पिपरिया राजापुर से रोडवेज में बस कंडक्टर की नौकरी लगवाने के नाम पर लेटर ऑफ कांट्रेक्ट पेपर देकर 1.25 लाख रुपये ले लिए। 50 हजार और मांगे। पेपर फर्जी लगने पर उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे। तब दोनों लोग आज-कल कहकर टालते रहे। आरोप है कि ऋषि अवस्थी ने एक लाख रुपये का चेक इंडियन बैंक शाखा मोतीपुर का दिया था, लेकिन खाते में रुपये नहीं थे। 19 दिसंबर 23 को स्टाम्प पेपर पर लिखकर दिया था कि 25 दिसंबर तक रुपये वापस कर देंगे, लेकिन अभी तक रुपये वापस नहीं किए है। उन्होंने दोनों आरोपियों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### हैविटेट ट्रस्ट टीम के कौशिक सरकार व हरिषा एएस ने झादी ताल में प्रवासी पक्षी को खुशी से उछल पड़े

## मंगोलिया में पाई जाने वाली मरेका फाल्कटा दुधवा में पहली बार दिखी

संवाददाता, पलिया कलां



फाल्कैटेड डक (मरेका फाल्कटा)।

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग की किशनपुर रेंज में गुरुवार को यूपी ग्रासलैंड प्रोजेक्ट पर कार्य करते हुए दि हैविटेट्स ट्रस्ट की टीम को झादी ताल में पहली बार दुर्लभ प्रवासी पक्षी फाल्कैटेड डक (मरेका फाल्कटा) दिखाई दी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि हैविटेट ट्रस्ट टीम के कौशिक सरकार व हरिषा एएस ने झादी ताल में जब अन्य प्रवासी पक्षियों के साथ मरेका फाल्कटा को देखा तो वह खुशी से उछल पड़े। क्योंकि मंगोलिया और साइबेरिया जैसे ठंडे देशों में प्रजनन करने वाली इस प्रजाति के पक्षी को दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार देखा गया था। उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ प्रवासी पक्षी का संरक्षण आवश्यक है। संरक्षण न किए जाने पर यह पक्षी यहां खतरे में पड़ सकती है।

इसको वर्ल्ड लाइफ इंटरनेशनल द्वारा नियर थ्रिएटेंड श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि डीटीआर प्रभाग के किशनपुर रेंज के झादी ताल में इस प्रजाति के पक्षी को पाए जाने से यह स्पष्ट हो गया है की झादी ताल प्रवासी पक्षियों के लिए उपयुक्त एवं सुरक्षित वासस्थल है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से यह अपील भी की है कि यदि किसी व्यक्ति को कोई विशेष प्रकार का पक्षी दिखाई दे तो उसकी सूचना वन विभाग को अवश्य दें।



दुधवा टाइगर रिजर्व में अन्य पक्षियों के साथ दुर्लभ प्रवासी पक्षी मरेका फाल्कटा। ● अमृत विचार

## इकलौती बेटी के मुंडन संस्कार की थी तैयारी वाहन की टक्कर में चली गई दंपति की जान

### वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, बेटी के मुंडन का कार्ड फूफा के घर देकर आ रहे थे पति-पत्नी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में बसैगापुर सिसौरा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने गुरुवार की देर शाम बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों की मौत हो गई। दंपती अपनी इकलौती बेटी के मुंडन संस्कार का निमंत्रण कार्ड देकर वापस घर आ रहे थे। इससे परिवार में कार्यक्रम की खुशियां मातम में बदल गईं।

थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव सिसौरा निवासी राजू (28) की इकलौती पुत्री आरोही (5) का 22 फरवरी को मुंडन होना था। वह अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी (25) के साथ गुरुवार को गांव बसही निवासी अपने फूफा महेश के घर मुंडन संस्कार का कार्ड देने गए थे। वापस आते समय देर शाम करीब आठ बजे बसैगापुर सिसौरा मार्ग पर गांव सलारपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक समेत पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के मौके पर तमाम राहगीर एकत्र हो गए। आसपास के ग्रामीण भी आ गए। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आनन-फानन में एंबुलेंस से परिजनों के साथ दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजकर भर्ती कराया, जहां कुछ देर चले इलाज के बाद दोनों की मौत हो गई। मौत की खबर आते ही घर में कोहराम मच गया। मुंडन की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर दोनों शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं।



गांव सिसौरा में मृतक दंपती के घर के बाहर एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

> किससी वाहन की टक्कर से घायल पति पत्नी की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई है। दोनों शव पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिए गए हैं। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> -**आलोक धीमान**, प्रभारी निरीक्षक, थाना फूलबेहड़।

### दंपती की मौत से गांव में मातमी सन्नाटा

**लखीमपुर खीरी।** सड़क हादसे में राजू और उसकी पत्नी की मौत की खबर जब गांव पहुंची तो लोग अवाक रह गए। गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। तमाम ग्रामीण और रिश्तेदार पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। परिवार में चीख पुकार मची रही। आसपास की महिलाएं बिलख रही घरों की महिलाओं को दिलासा दिला रहीं थी। हर कोई दो मौतों से स्तब्ध था। शुक्रवार को गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा।

### चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था राजू

**लखीमपुर खीरी।** सड़क हादसे में मारा गया राजू चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वह काफी सरल और मृदुल स्वभाव का था। ग्रामीण बताते हैं कि उसका गांव में किसी से कोई विवाद तक नहीं हुआ। वह सबके साथ मिलजुलकर रहता था।

## 19 से बदलेगा मौसम, 20 को बारिश की चेतावनी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** मौसम एक बार फिर से करवट बदलेगा, जिससे 19 फरवरी को बादल छाएंगे और कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। दूसरे दिन 20 फरवरी को भी बादल छाए रहेंगे और तेज हवा के साथ बारिश होने की पूरी संभावना है। बेमौसम बारिश से किसानों के लिए परेशानी बढ़ सकती है, जिनकी सरसों, लहटा खेत में खड़े हैं। हालांकि गेहूं व गन्ने के लिए बारिश फायदेमंद हो सकती है। मौसम विभाग ने इस संबंध में अलर्ट जारी कर दिया है।

जनपद में बेमौसम बारिश किसानों को खुशी से ज्यादा दर्द दे जाती है, जिसकी फिर से संभावना बढ़ गई है। सरसों, लहटा समेत आलू की फसल को नुकसान हो सकता है। जबकि गेहूं व गन्ने की फसल के लिए बारिश फायदेमंद हो सकती है, क्योंकि किसानों को सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी। मौसम विज्ञान केंद्र लखनउ के मौसम वैज्ञानिक दानिश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण मानसून सक्रिय हुआ है। इससे 19 फरवरी से 22 फरवरी तक उत्तर प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। कहीं-कहीं तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

## संगठन के प्रदेश अध्यक्ष को किया नजरबंद



पुलिस की नजरबंदी में किसान संगठन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज की मौजूदगी में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पैदल मार्च कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को देने का कार्यक्रम था।

इसको लेकर किसानों को इंडस्ट्रियल एरिया ग्राउंड में एकत्रित किया गया था। इसकी भनक जिला प्रशासन को लग गई। प्रशासन और पुलिस ने बेहजम रोड स्थित भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज के संपर्क कार्यालय से निकलते ही घेराबंदी कर कार्यक्रम स्थल पर जाने से रोक दिया और नजर बंद कर दिया। किसान नेता ज्ञापन देने की मांग पर अड़े रहे। इस पर नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने ज्ञापन लिया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज ने कहा कि भाजपा की जालिम सरकार कब तक किसानों का उत्पीड़न करेगी। किसान अपने हक की लड़ाई जारी रखेंगे। सरकार ने किसानों से जो भी वादे किए थे। उसमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया है। सरकार को एमएसपी की गारंटी देनी होगी। इस दौरान प्रदेश सचिव कामिल उस्मानी, जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने रामजी वर्मा, शैलेश कुमार, राजवीर शर्मा, शुभम वर्मा, सौरभ वर्मा, इकबाल अहमद खान, अफजाल अहमद, कपिल वर्मा, गणेश जायसवाल, नैनो दीक्षित, अरुण वर्मा आदि किसान मौजूद रहे।

## सफाईकर्मी नहीं, लगा गंदगी का अंबार

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** निघासन ब्लॉक के ग्राम पंचायत लालपुर में डेढ़ साल से सफाई कर्मी नहीं है। इससे गांव में गंदगी पसरी है। नालियां बजबजा रही हैं तो सड़क पर पानी भर रहा है और कूड़े के ढेर लगे हैं।

निघासन ब्लॉक की ग्राम पंचायत लालपुर की आबादी लगभग 15 हजार है। इस पंचायत में लालपुर, झंडी, मंझली पुरवा, बुद्धापुरवा, तमोलिन पुरवा, चंदन पुरवा, गोढ़ी पुरवा, टापर पुरवा आदि मजरे हैं। एक मजरा झंडी स्टेट से भी जाना जाता है। यहां आज भी राजा की हवेली बनी है। इस हवेली के मालिक भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। फिर इस ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी डेढ़ साल बीत जाने बाद भी तैनाती नहीं हुई है।

इससे गांवों में गंदगी का जगह-जगह अंबार लगा हुआ है। इस बाबत ग्राम झंडी राज के युवा अधिवक्ता प्रभाकर मिश्र ने सहायक विकास अधिकारी से ग्राम में सफाई कराने और सफाई कर्मी की नियुक्ति कराने के लिए लिखित प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके बाद एक बार टीम बनाकर सफाई अभियान कागजों पर चला दिया गया। गांव में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। छुट्टा पशुओं के एकत्र होने से विद्यालय, सामूहिक स्थानों पर गोबर आदि पड़ा रहता है। इस बारे में एडीओ पंचायत विजय गुप्ता ने बताया कि सफाई कर्मियों की कमी के कारण यहां नियुक्ति नहीं हो पाई है। उच्चाधिकारियों से मांग की गई है, जल्द ही सफाई कर्मी की तैनाती हो जाएगी।



ग्राम पंचायत लालपुर में गंदगी से बजबजाती नाली। ● अमृत विचार

- ग्राम पंचायत लालपुर में डेढ़ साल से सफाई व्यवस्था चौपट

## 48 घंटे बाद भी पुलिस नहीं सुलझा पाई हत्या की गुत्थी

**शिव प्रसाद हत्याकांड**

संवाददाता, बेहजम

- रिपोर्ट भी दर्ज नहीं, अंधेरे में हाथ-पैर मार रही पुलिस

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव पुलिस बुधवार की रात हुए शिव प्रसाद हत्याकांड पुलिस 48 घंटे बाद भी खुलासा नहीं कर पाई है। न ही रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना व कस्बा नीमगांव निवासी शिव प्रसाद थाना परिसर से बमुश्किल 50 मीटर दूर स्थित अपने खेत में फसल की रखवाली कर रहा था, जहां बुधवार की रात हत्यारों ने उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। उसके शव पर कई गहरी चोटें और जख्म मिले थे। पुलिस जानवर के हमले में मौत होने का राग अलाप रही थी। पोस्टमार्टम में चोटों से मौत होने और शार्प इंजरी आने से पुलिस बैकफुट पर आ गई है। मृतक की पत्नी उर्मिला ने किसी से रंजिश होने की बात से साफ इंकार करते हुए अज्ञात के खिलाफ गुरुवार को ही तहरीर दी थी, लेकिन हत्या की घटना को 48 घंटे बीत चुके हैं, पुलिस अब भी जांच की बात कहकर रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। वहीं वह अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस खुलासे में रुचि नहीं ले रही है। कस्बे में सड़क पर कई निजी और सार्वजनिक उपक्रमों पर कैमरे लगे हैं। इसके अलावा थाने पर भी कैमरे लगे हैं। माना जा रहा है की थाना परिसर में लगा कैमरा किसान के खेत तक कवर कर रहा होगा। अगर पुलिस फुटेज खंगाले तो गुत्थी सुलझाने में काफी मदद मिलेगी। एसओ श्रद्धा सिंह ने बताया कि हत्या गंभीर अपराध है। मामले की गहराई से जांच चल रही है। जल्द ही रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी और घटना का खुलासा किया जाएगा।

## चंदे की रकम सफेद किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



अतिरिक्त एसडीएम रेणू मिश्रा को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**अमृत विचार:** केंद्र की भाजपा सरकार पर चंदे की रकम को सफेद किए जाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष संजय गोस्वामी ने कहा केंद्र सरकार द्वारा चंदे की रकम को सार्वजनिक न किए जाने का कानून पास कर दिया था, क्योंकि भाजपा सरकार काले धन को सफेद कर अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ देना चाहती है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही काला धन रूपांतरण का विरोध करती रही है। उच्चतम न्यायालय के आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार काले धन को लूटकर चुनाव में लुटाती है। पंकज शुक्ला ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज यूपी में प्रवेश करेगी।

प्रदेश की जनता भाजपा से अब ऊब चुकी है न्याय यात्रा में महिलाओं, गरीब किसान, बेरोजगारों, मजदूरों को उनके हक दिलाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि खीरी जिले से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं जनता पदयात्रा में अपनी भागीदारी करेगी। धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से रामजीवन, विश्व पाल सिंह, निवेश कुमार, राजू, पंकज, नीरज वाजपेयी, शशिकांत वाजपेयी, गंगाराम राजवंशी, रवि गोस्वामी आदि रहे।

## शिविर में 14 मरीज आंखों की समस्या से ग्रसित मिले



आंखों का परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगाया, जिसमें जिला अस्पताल से आए जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ. शिखर वजपेयी व उनकी टीम ने 36 वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की।

डॉक्टर ने बताया कि एनसीडी के संचालित कार्यक्रम एनपीएचसीई के तहत वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में कैंप का आयोजन हर माह किया जाता है। शुक्रवार को आयोजित कैंप में 36 बुजुर्गों की जांच की गई, जिनमें 14 मरीज आंख की समस्याओं से ग्रसित मिले। वहीं सांस फूलना और ब्लड प्रेशर जैसी सामान्य समस्याएं भी बुजुर्गों में मिली। सभी को संबंधित रोग की दवाई उपलब्ध करा दी गई हैं।

**पुलिस भर्ती परीक्षा आज :** सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम, पुलिस कंट्रोल रूम बनाया, डीएम ने नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश

## जनपद में कुल 35 परीक्षा केंद्रों पर 16 हजार 848 परीक्षार्थी होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जिले में 35 परीक्षा केंद्रों पर 17 व 18 फरवरी को सीधी पुलिस भर्ती परीक्षा दो-दो सत्रों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और अपराह्न तीन बजे से पांच बजे तक कराई जाएगी। परीक्षा में कुल 16,848 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सभी जोनल, स्टेटिक, अतिरिक्त स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक करके दिशा निर्देश दिए हैं कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं, उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएं। डीएम ने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केंद्र पर भ्रमणशील रहकर केंद्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहें।

डीएम ने निर्देश दिए कि उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा सकुशल एवं पारदर्शी और नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए दिए गये निर्देशों का परीक्षा ड्यूटी में नामित अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा पूरी तरह पालन किया जाएगा। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सतर्क निगरानी रखी जाएगी। जिले में होने वाली पुलिस भर्ती बोर्ड परीक्षा को लेकर पुलिस महकमे ने तैयारी पूरी कर ली है। इसके अलावा यातायात पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 9454844045 भी जारी किया है। अभ्यर्थी इस नंबर पर संपर्क कर अपने केंद्र पर पहुंचने की जानकारी किसी भी समय प्राप्त कर सकते है।



आर्य कन्या इंटर कॉलेज में सीटिंग प्लान करता स्कूल स्टाफ। ● अमृत विचार

### एसपी ने देखीं पुलिस भर्ती परीक्षा की व्यवस्थाएं

**गोला गोकर्णनाथ।** शनिवार और रविवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर नगर के परीक्षा केंद्रों का पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने निरीक्षण कर वयवस्थाएं देखी हैं। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा काफिले के साथ लखीमपुर मार्ग स्थित कृषक समाज इंटर कॉलेज पहुंचे और स्ट्रांग रूम, परीक्षा के कक्षा के साथ शिक्षा व्यवस्था देखी। उन्होंने प्रधानाचार्य डा लखपत राम वर्मा से परीक्षा से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि परीक्षा पारदर्शी होनी चाहिए।

### जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने की बैठक



**लखीमपुर खीरी।** भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पुलिस भर्ती परीक्षा की पूर्व तैयारी के लिए जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बैठक की, जिसमें परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक समेत शिक्षक-कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा को सफल बनाने का आग्रह किया। किसी प्रकार की परीक्षा में कोताही न रह जाए, जिसकी पूर्ण तैयारी कर ली गई है। शनिवार को प्रात: 8 बजे तक सभी शिक्षिकाएं उपस्थित होकर इस परीक्षा को संपन्न कराने में अपना योगदान करेंगी। इस दौरान अन्य विद्यालयों से आए हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुक्रवार को विद्यालय में आकर ज्वाइन किया और वह कक्ष निरीक्षक का कार्य करेंगे। इस दौरान राजकीय इंटर कॉलेज शारदानगर के प्रवक्ता कमलेश सक्सेना, बीडीओ धौरहरा, केंद्र की पर्यवेक्षक जयश्री सक्सेना, अर्चना वर्मा, कृष्णा चंद्रशेखर, वंदना उत्तम, रश्मि सिंह, सीमा यादव मौजूद रहीं।

खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की
गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693

# कॉरीडोर के लिए जल्द अधिग्रहण होगी जमीन

## डीएम ने अधिग्रहण की जाने वाली भूमि चिह्नित कर महानिदेशक पर्यटन को भेजी फाइल

संवाददाता, लखीमपुर खीरी/गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** गोला गोकर्णनाथ स्थित प्रसिद्ध प्राचीन शिव मंदिर कॉरीडोर के निर्माण की प्रक्रिया तेज होने वाली है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कॉरीडोर के लिए भूमि चिह्नित कर फाइल महानिदेशक पर्यटन को भेज दी है। अब मंजूरी मिलते ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध शिव मंदिर को वाराणसी के काशी कॉरीडोर की तर्ज पर विकसित करने के लिए करीब एक साल से कार्रवाई चल रही है। कई चरणों में कारीडोर का नक्शा तैयार कराने के बाद इसे स्वीकृत किया जा चुका है। पिछले कुछ महीनों से कारीडोर बनाने की प्रक्रिया सुस्त रहने के बाद अब फिर से अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। कारीडोर बनाने का कार्य प्रारंभ करने से पहले जमीन का अधिग्रहण किया जाना आवश्यक है, जिसके बाद ही कार्य प्रारंभ हो सकेगा। इसके लिए तहसील व जिला प्रशासन द्वारा काफी मशक्कत के बाद जमीन अधिग्रहण का खाका तैयार कर लिया गया है। कॉरीडोर बनाने के लिए कुल 1.942 हेक्टेअर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा, जिसमें 0.010 हेक्टेअर ( करीब डेढ़ बीघा) जमीन निजी स्वामित्व वाली है। लिहाजा इस जमीन को सर्किल रेट से दोगुना मूल्य पर क्रय किया जाएगा। वहीं शेष 1.932 हेक्टेअर ( करीब 23 बीघा) जमीन नजूल यानी नगर पालिका परिषद की है, जिसे खरीदना नहीं पड़ेगा, बल्कि शासन की स्वीकृति लेनी होगी। जमीन अधिग्रहण का मसौदा तैयार कर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने फाइल को महानिदेशक पर्यटन को भेज दिया है। पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित कुमार चौधरी ने बताया कि महानिदेशक पर्यटन द्वारा परीक्षण के बाद फाइल को उत्तर प्रदेश शासन के पास भेजा जाएगा, जहां से स्वीकृति मिलने के बाद निर्देशानुसार जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इसी फरवरी महीने में शासन से जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई किए जाने की स्वीकृति मिल सकती है।



गोला गोकर्णनाथ स्थित प्राचीन शिव मंदिर।

- **साल भर पहले शुरू हुई छोटी काशी में कारीडोर की कार्रवाई**
- **नक्शा स्वीकृत, बजट पास और एस्टीमेट भी हो गया तैयार**

### लोग बोले-कॉरीडोर बनने से बढ़ेगा पर्यटन

गोला गोकर्णनाथ के लोगों में कॉरीडोर निर्माण की प्रक्रिया पुन: शुरू होने से खुशी है। लोगों ने कहा है कि कॉरीडोर बनने के बाद यहां का पर्यटन बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे प्रदेशों से भी लोग आएंगे। शासन से अनेक सुविधाएं बढ़ेंगी और इससे शहर चमक उठेगा।

शिव मंदिर कारीडोर बनाने के लिए नक्शा स्वीकृत हो चुका है। बजट व स्टीमेट भी बन चुका है। अब कारीडोर बनाने के लिए आवश्यक जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। अधिग्रहण की जाने वाली जमीन को चिह्नित करके प्रस्ताव तैयार कर डीएम द्वारा महानिदेशक पर्यटन को भेजा गया है। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई प्रारंभ हो जाएगी।
**–सुचित कुमार चौधरी**, पर्यटन सूचना अधिकारी।



छोटी काशी में कारीडोर बनने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वत: घोषणा की है। वह बनकर रहेगा, ऐसी उम्मीद है। सर्वे होकर पर्यटन विभाग द्वारा नक्शा बनाया जा चुका है। कॉरीडोर बन जाने से छोटी काशी का रूप और स्वरूप और अधिक निखर आएगा। **–जनार्दन गिरि**, अध्यक्ष, पौराणिक शिव मंदिर कमेटी।



योगी सरकार के प्रयास से अयोध्या में भव्य, सुंदर मंदिर का निर्माण हुआ है। काशी कॉरिडोर जैसा सुंदर कॉरिडोर गोला गोकर्णनाथ में भी निर्माण होना है। पूर्व विधायक स्व. अरविंद गिरि के सपनों का सुंदर कॉरिडोर निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवश्य करवाएंगे। **–हरद्वार वाजपेयी**, एडवोकेट।



खुशी की बात है कि शिव मंदिर कॉरीडोर के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। कारीडोर बनने से दूर दराज के पर्यटकों के आने का लाभ व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ेगा। दुकानदारों व व्यापारियों की आमदनी भी बढ़ेगी। **–कैलाशचंद गुप्त**, अध्यक्ष, उद्योग व्यापार मंडल गोला।



शिव मंदिर कारीडोर के लिए पर्यटन विभाग की प्रोजेक्ट फाइल शासन तक पहुंच चुकी है। नक्शा पास हो चुका है। भूमि अधिग्रहण लंबित है। हालांकि इसकी फाइल भी डीएम के स्तर से पर्यटन विभाग को भेजी जा चुकी है। जल्द ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने पर काम चालू होगा। **–अमन गिरि**, विधायक।

## दो युवकों के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने शहर निवासी एक युवक और उसके साथी पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने युवक को नामजद कर एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस चौकी महेवागंज क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि लखीमपुर शहर के मोहल्ला हाथीपुर बक्शा मार्केट निवासी हर्षित गुप्ता आपराधिक प्रवृत्ति का है। वह 12 फरवरी 23 की शाम करीब छह बजे अपने एक अन्य अज्ञात साथी के साथ उसके घर घुस आया और उसे दबोचकर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर दोनों युवकों ने गाली गलौज की। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग आ गए तो दोनों आरोपी धमकी देकर भाग निकले। घटना के वक्त उसके पति घर पर नहीं थे। वह बाजार गए हुए थे। उसने आरोपियों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइक की भिड़ंत में साइकिल सवार घायल

**संसारपुर, अमृत विचारः** थाना हैदराबाद के गांव छत्तीपुर निवासी आसाराम राठौर (45) बाइक की टक्कर से सड़क पर गिर गया। बाइक सवार भाग निकला। लोगों ने उसे उठाया और सूचना पुलिस चौकी संसारपुर को दी। चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भिजवाया, जहां घायल आसाराम का इलाज किया जा रहा है। परिवार के लोगों ने बताया कि बाइक की टक्कर से आसाराम को कमर में चोट आई है तथा एक पैर टूट गया है।

गोला गोकर्णनाथ। नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी निहाल वर्मा (17) पुत्र सचिन वर्मा की स्कूटी से जा रहे थे। तभी सामने से आ रही बाइक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे निहाल सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# 35,063 बुजुर्ग पेंशन पाने से वंचित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **दफ्तर के काट रहे चक्कर, जिले में कुल 86436 पंजीकृत लाभार्थी**
- **51373 बुजुर्गों को मिल रही पेंशन, अब तक तीन किस्तें मिलीं**

**अमृत विचारः** वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत वर्ष 2023-24 में जनपद में 35063 बुजुर्ग पेंशन पाने के लाभ से वंचित रह गए हैं। इन्हें इस वर्ष एक भी किस्त नहीं मिल पाई है, जिससे परेशान लाभ से वंचित बुजुर्ग दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा उन्हें बैंकों में भेजकर खाते को एनपीसीआई से मैप कराने के लिए कहा जा रहा है। वहीं बैंक के अधिकारियों द्वारा बुजुर्गों के खाते को एनपीसीआई से मैप कर देने की बात कहकर टरका दिया जाता है, लेकिन उनके खाते एनपीसीआई से मैप नहीं किए जा रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना में कुल 86,436 बुजुर्ग पेंशनधारक पंजीकृत हैं, जिसके सापेक्ष 51,373 बुजुर्गों को पेंशन दी जा रही है। बता दें कि बुजुर्गों को साल में चार किस्तों में पेंशन दी जाती है। प्रत्येक किस्त में बुजुर्गों को तीन-तीन हजार रुपये मिलते हैं। वर्ष 2023-24 में अभी तक 51,373 बुजुर्गों को तीन-तीन किस्तें भेजी जा चुकी हैं, जबकि 35,063 बुजुर्गों को एक बार भी पेंशन नहीं मिली है, जिससे उन्हें जीवनयापन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि गरीब बुजुर्गों के लिए पेंशन बड़ा सहारा बन चुकी है, जिसके सहारे वह अपना दैनिक खर्च चलाते हैं। पैसे के लिए दूसरों के सामने हाथ नहीं फैलाने पड़ते, क्योंकि तमाम बुजुर्ग ऐसे भी हैं जो खुद कमाने में समक्ष नहीं हैं और परिवार के लोग भी उनकी देखभाल में रुचि नहीं लेते। ऐसे बुजुर्गों के बुढ़ापे के सहारा के तौर पर सरकार द्वारा पेंशन योजना लागू की गई है। इसके बावजूद जनपद में भारी संख्या में 35 हजार से अधिक बुजुर्ग पेंशन का लाभ पाने से वंचित हैं। उनके लाभ से वंचित होने का कारण तकनीकी है, जिसका समाधान सिर्फ समाज कल्याण विभाग और संबंधित बैंकों के अधिकारी ही कर सकते हैं। बताते चलें कि पिछले वर्ष से विभिन्न सरकारी स्कीम के अंतर्गत लाभार्थियों के बैंक खातों को एनपीसीआई से मैप कराने की अनिवार्यता कर दी गई है। इससे पहले खातों को सिर्फ आधार से मैप कराया जाता था। एक साल से बुजुर्गों के बैंक खातों को एनपीसीआई से मैप कराने के लिए केवाईसी की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, लेकिन 35 हजार से अधिक बुजुर्गों के खाते मैप नहीं किए जा सके हैं। यही कारण है कि ऐसे बुजुर्गों को पेंशन प्राप्त नहीं हो रही है, क्योंकि नियमानुसार बैंक खाते एनपीसीआई से मैप न होने के कारण निदेशालय स्तर से इनके खाते में पेंशन नहीं भेजी जा रही है।

जिन बुजुर्गों के बैंक खाते एनपीसीआई से मैप नहीं हुए हैं, उन्हें पेंशन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे करीब 35 हजार लाभार्थी हैं, जिनके बैंक खातों को एनपीसीआई से मैप कराने के लिए संबंधित बैंकों के प्रबंधकों को कई बार पत्र लिखे जा चुके हैं। बुजुर्गों को अपने खाते को एनपीसीआई से मैप कराने के लिए कहा जा रहा है, जिसकी प्रक्रिया संबंधित बैंक द्वारा ही की जाएगी।
**–सुधांशु शेखर**, जिला समाज कल्याण अधिकारी

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में
परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं० 6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

## राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के नेता 22 को देंगे धरना

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** दो फरवरी को बजाज हिंदुस्थान शुगर लि. चीनी मिल बंद करने के बाद हुए समझौते का पालन न होने से नाराज राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के नेता अब 22 फरवरी को जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय का घेराव कर धरना देंगे।

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा और जिलाध्यक्ष मनोज कुमार फौजी ने बताया कि दो फरवरी को चीनी मिल की पेराई बंद कराने के बाद पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह के समक्ष लिखित समझौता हुआ था, जिसमें बजाज चीनी मिल ने फरवरी माह तक 62 करोड रुपये का भुगतान करने का वादा किया था। जिसमें से 15 फरवरी तक 37 करोड रुपये का गन्ना भुगतान हो चुका है, किंतु जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह शादी व बीमारी वाले किसानों का हो चुके भुगतान के अलावा 50 प्रतिशत भुगतान करने के लिखित वादे से पीछे हट गए हैं। इस कारण ऐसे गन्ना किसानों का हो चुका भुगतान जोड़कर सिर्फ 40 प्रतिशत का भुगतान किया जा रहा है, जबकि जिला गन्ना अधिकारी के निर्देश पर लिखित समझौते पर चीनी मिल के यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर और सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव बलवंत चौधरी ने हस्ताक्षर किए थे। इसलिए संगठन ने 22 फरवरी को जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह के कार्यालय का घेराव और धरना देने का निर्णय लिया है।

## सार-संक्षेप

### सरस्वती विद्या मंदिर में बोर्ड परीक्षार्थियों को दी विदाई



**गोला गोकर्णनाथ।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का विदाई कार्यक्रम और कक्षा 10 का आशीर्वचन कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा, विशिष्ट अतिथि गांधी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित, नारायणलाल वर्मा, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने वीणा पाणिनी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। आचार्य कमलेश कुमार गुप्ता और वंदना सहयोगी विद्यार्थियों गुंजन पटेल, आशी पटेल, आशी गुप्ता, काव्या अवस्थी, आराध्या मिश्रा, रिद्धिमा वर्मा, अनमोल शर्मा, रचित वाल्मीकि, गौरव वर्मा और शुभ अवस्थी ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि स्थानीय कृषक समाज इंटर कॉलेज के प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा ने स्वाध्याय के साथ अच्छे और सतत लेखन पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. सौरभ दीक्षित ने परीक्षा पर चर्चा करते हुए प्रत्येक विषय पर समान स्वाध्याय का आग्रह किया। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन चंद्रेश अग्निहोत्री ने किया।

### सीनियर छात्रों का किया गया विदाई समारोह



**मोहम्मदी/बरबर।** चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भौनापुर में इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं की विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्री सत्यनारायण की कथा सुनाई गई। छात्र–छात्राओं के होने वाली बोर्ड परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अच्छे अंक प्राप्त करने का संकल्प लिया। पंडित महेंद्र वाजपेयी ने कथा सुनाई। विदाई समारोह में कक्षा 11 के सभी छात्र–छात्राओं ने इंटरमीडिएट के छात्र–छात्राओं को परीक्षा में उपयोगी किट व दही जलेबी खिलाकर विदा किया। प्रधानाचार्य मनोज वर्मा, उपप्रधानाचार्य बृज सिंह कुशवाहा, रामनिवास वर्मा, अंशुल वर्मा, अनुज कुमार, मोनू वर्मा, अरविंद कुमार के साथ अन्य आचार्यों ने हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में सहभागिता कर रहे छात्र–छात्राओं को अच्छे अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया और शुभकामनाएं दीं।

### रोजगार मेले में विधायक ने वितरित किए नियुक्ति पत्र



**गोला गोकर्णनाथ।** ब्लॉक गोला में आयोजित सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत आयोजित रोजगार मेले में विधायक अमन गिरि ने चयनित छात्र एवं छात्राओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। ब्लॉक परिसर में लगे रोजगार मेले का विधायक अमन गिरि, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने रोजगार मेले में चयनित छात्र–छात्राओं को नियुक्तिपत्र भी सौंपे। साथ ही क्षेत्र पंचायत निधि से निर्मित विभिन्न ग्रामों में मार्गों एवं नालों के शिलान्यास का लोकार्पण किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्र, अवर अभियंता मनीष गिरि, केके शुक्ल, रामगुलाम पांडे, अवधेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने मोहम्मदी कोतवाली का किया निरीक्षण

**मोहम्मदी–खीरी।** एसपी गणेश प्रसाद शाहा ने अचानक कोतवाली मोहम्मदी पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों को भी देखा। इस दौरान उन्होंने प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह को मोहम्मदपुर कामी में हुई रामबरन यादव की हत्या व नौगवां में बालिका की मौत के मामले में जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### खेमस व ऐपवा ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**पलिया कलां।** अखिल भारतीय किसान महासभा, संयुक्त किसान सभा उत्तर प्रदेश, खेत मजदूर सभा एवं ऐपवा पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आरती यादव को सौंपा। ज्ञापन में हरियाणा व मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किसानों व किसान नेताओं पर की जा रही दमनात्मक कार्रवाई की निंदा कर दोषी अफसरों पर कार्रवाई करने, फसलों की एमएसपी खरीद की गारंटी का कानून बनाने, किसानों का कुल कर्ज मुक्ति, श्रमिकों पर लादे गए चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, रोजगार की गारंटी का मौलिक अधिकार देने आदि की मांगे की गई हैं। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय किसान महासभा के कमलेश राय, खेत मजदूर सभा के रवि कुमार, हरी नाथ, राजू, पवन यादव, रमाशंकर, रामनरेश एवं अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष आरती राय शामिल रहीं।

## एक नजर

### भारत बंद के समर्थन में श्रमिकों का मिल में प्रदर्शन

**पलिया कलां।** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल पलिया के श्रमिकों ने शुक्रवार को कई संगठनों द्वारा किए गए भारत बंद के समर्थन में चीनी मिल में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। किसान एवं श्रमिक संगठनों ने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया था। इसके समर्थन में बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल पलिया के तमाम श्रमिकों ने मिल परिसर में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस मौके पर मजदूर नेता निर्भय नारायण सिंह तथा कमलेश राय आदि ने जहां सरकार द्वारा श्रमिकों की समस्याओं की ओर ध्यान न देने पर नाराजगी व्यक्त की, वहीं सभी से एकजुट रहने का आह्वान भी किया।

### गोष्ठी में रोजगार परक योजनाओं पर की चर्चा

**गोला गोकर्णनाथ।** जीवनलाल कमला देवी कन्या महाविद्यालय में सूचना, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डॉ. वेदप्रकाश अग्निहोत्री ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में चर्चा की। गोष्ठी में कार्यालय अधीक्षक अजय शुक्ला, जया अग्निहोत्री, अरुण दीक्षित, रामासरे त्रिवेदी, मनीष तिवारी, एकता वर्मा, मनीष अवस्थी, सविता यादव, अंकुश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# बिजुआ ब्लॉक में सफेद हाथी बने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

## रंगाई-पुताई होने के बाद भी बदहाल हैं आरोग्य केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र में उपलों के लगे बटया और खड़ी है घास

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र में सरकारी चिकित्सा सुविधाएं हर स्तर पर बदहाल हैं। इलाज शुरू करने से पूर्व प्राथमिक स्तर पर रोग की पुख्ता पहचान डायग्नोसिस हो सके, इसके लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनवाए गए, लेकिन बनने के बाद से अब तक इन सेंटरों पर कोई झांकने तक नहीं पहुंचा। इन सेंटरों पर सभी प्रकार की सामान्य जांचों की सुविधा उपलब्ध होती है। धरातल पर सेंटर बनने के बाद से खुले ही नहीं। शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में आयुष्मान हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों का निर्माण कराया गया है, जिससे कि ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर का सफर तय न करना पड़े, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते सरकार की यह मंशा परवान नहीं चढ़ पा रही है।

बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र में बनाए गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में अधिकांश सेंटर बंद हैं। इसके चलते वेलनेस सेंटर मरीजों का इलाज करने में सिर्फ सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। यही नहीं महकमे के अफसर कुछ सेंटरों पर कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर तैनात होने की बात कह रहे हैं। सेंटर पर शुगर, ब्लड प्रेशर, स्तन कैंसर सहित अन्य गैर संचारी रोगों की जांच और परामर्श की सुविधा मिलनी है, लेकिन अधिकतर केंद्रों पर न तो बिजली की व्यवस्था है और न ही पानी का इंतजाम। जिनमें अधिकांश सेंटर तो ऐसे हैं जो कभी खुले ही नहीं। ब्लॉक में आयुष्मान भारत योजना के तहत फजलनगर, नौगवां, सहसपुर, वसलीपुर आदि कई ग्राम पंचायतों में विगत वर्षों में बनाए गए हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर अभी ताले लटक रहे हैं। अमृत विचार की पड़ताल में सामने आया कि अब तक इन आरोग्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाएं शुरू ही नहीं हो पाई हैं। लाखों की कीमत से बनाए गए आरोग्य केंद्र रंगाई-पुताई होने के बाद भी बदहाल हैं। यहां कम्यूनिटी हेल्थ ऑफीसर कभी पहुंचे ही नहीं।



बसलीपुर में बना आरोग्य जन सेवा केंद्र। ● अमृत विचार

### सेंटर में यह होनी हैं जांचें

इन सेंटर में हीमोग्लोबिन, यूरिन, ब्लड, ग्लूकोज, टीएलसी, डीएलसी, पेरिफेरल स्मेयर, ब्लड ग्रुपिंग, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, रैपिड सिफलिस, टायफायड टेस्ट, हेपेटाइटिस के जांच की सुविधा मरीजों को देनी हैं, लेकिन सेंटरों की स्थिति बदहाल होने की वजह से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

> ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में 11 आरोग्य केंद्र हैं जिनमें छह किराए पर हैं। ब्लॉक में आठ आरोग्य केंद्र निर्माणाधीन है। कुछ केंद्रों में डॉक्टरों की तैनाती है। जिन केंद्रों में तैनाती नहीं है उनमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आने हैं। 10 से 15 दिनों में सभी आरोग्य केंद्र संचालित हो जाएंगे। **-डॉ. सुभाष वर्मा**, सीएचसी प्रभारी बिजुआ

## गडरियन पुरवा में बने उप स्वास्थ्य केंद्र का हाल खराब

संवाददाता, भानपुर (खीरी)

**अमृत विचारः** गांवों और आसपास की गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं के टीकाकरण और प्राथमिक उपचार के लिए बनाया गया उप स्वास्थ्य केंद्र शोपीस बनकर रह गया है। चार-पांच वर्षों से बंद पड़ा होने के कारण इसमें घास उग आई है और भवन जर्जर होता जा रहा है।

बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर के मजरा गडरियन पुरवा में बने उपस्वास्थ्य केंद्र के न खुलने के कारण यहां गंदगी, खिड़की, दरवाजे आदि गायब हो गए हैं। घास और झाड़ियां उगने के कारण भवन जर्जर हो रहा है। इसके निर्माण के बाद से ही इसमें डॉक्टर और एएनएम की तैनाती नहीं हुई है। इससे यहां और आसपास के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए करीब आठ से 10 किलोमीटर बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। सबसे ज्यादा गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को दिक्कतें होती हैं।


देखरेख के अभाव में गड़रियनपुरवा उप स्वास्थ्य केंद्र में खड़ी घास। ● अमृत विचार

- देखरेख के अभाव के चलते अस्पताल में उग आई घास
- आठ से 10 किलोमीटर दूर जाकर इलाज करा रहे लोग

> उप स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम की तैनाती होनी चाहिए, लेकिन एएनएम की कमी के चलते यहां किसी की तैनाती नहीं हो सकी है। वर्तमान में वैक्सीनेशन का कार्य चल रहा है। इसके बाद मौके का निरीक्षण करने के बाद इसके संचालन के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी। **-सुभाष वर्मा**, अधीक्षक, सीएचसी बिजुआ।

## गोला को हराकर फाइनल में पहुंचा लियो स्पोर्ट्स क्लब

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** सम्पूर्णानगर स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज के खेल मैदान में चल रहे अमर शहीद भगत सिंह राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में चौथे दिन शुक्रवार को सेमीफाइनल खेला गया। पहला मैच लियो स्पोर्ट्स क्लब सम्पूर्णानगर और गोला के मध्य खेला गया। लियो स्पोर्ट्स क्लब ने गोला को 1-0 से हरा दिया और फाइनल में प्रवेश कर गई। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला हैप्पी इलेवन क्लब और सिद्धार्थ क्लब नेपाल के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में हैप्पी इलेवन क्लब ने सिद्धार्थ क्लब नेपाल को 2-0 से पटकनी दी। वह टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी। टूर्नामेंट का आयोजन करने वाली कस्बे की युवा जनहित सेवा समिति के अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले को लेकर अभी निर्णय नहीं हुआ है। सम्भवतः रविवार को फाइनल मैच आयोजित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जीतने वाली टीम को 21,000 रुपये, शील्ड और उपविजेता टीम को 15,000 रुपये व शील्ड दी जाएगी।

### तार जोड़ते समय संविदाकर्मी करंट से झुलसा

**बांकेगंज।** शुक्रवार को शाम करीब चार बजे रमतलिया रोड पर रायल पार्क के पास ग्रंट नंबर 11 के गांव कलीमपुर निवासी अवनीश (25) रमतलिया निवासी नरेंद्र की खराब लाइन सही कर रहा था तो उसे करंट लग गया और वह ट्रांसफार्मर से नीचे गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रान्सफार्मर पर चढ़कर वह केबिल छीलकर जोड़ने जा रहा था कि तेज आवाज के साथ चिंगारी निकली और वह सिर के बल नीचे गिर गया। आसपास के लोग उसके हाथ-पैर मसलने लगे, जिसके बाद उसे बांकेगंज सीएचसी लाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसएसओ दिनेश गौतम ने बताया कि जिस समय घटना के समय शटडाउन लिया गया था। वहीं घायल संविदाकर्मी अवनीश ने बताया कि उसने शटडाउन के लिए फोन किया था लेकिन कैसे यह सब हुआ उसे जानकारी नहीं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## सीडीपीओ पर लगाया सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

**धौरहरा, अमृत विचारः** बेलाहार आंगनबाड़ी केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने सीडीपीओ पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को वह धौरहरा सीडीपीओ आफिस में मीटिंग के लिए आई थीं। आरोप है मीटिंग के दौरान सीडीपीओ ने कार्यकत्री से मासिक सुविधा शुल्क न देने की वजह से अभद्रता की। इस दौरान उसे आघात होने से वह गिर गई, तब सीडीपीओ आफिस छोड़ कर चले गए। पीडिता ने कोतवाली में तहरीर दी है।

धौरहरा ब्लॉक के बेलाहार की आंगनबाड़ी कार्यकत्री डाली अवस्थी गुरुवार की होने वाली ब्लॉक स्तरीय बैठक में सीडीपीओ कार्यालय धौरहरा गई थी। मीटिंग में क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद थी। आरोप है कि इस दौरान सीडीपीओ सुजीत कमार सिंह ने मीटिंग में डाली अवस्थी से मासिक सुविधा शुल्क एक हजार जमा करने को कहा। उसने मना किया तो सीडीपीओ सुजीत कमार सिंह भड़क उठे और उसके अभद्रता करने लगे। जिससे उसे आघात पहुंचा और वह जमीन पर गिर पड़ी। यह देख सीडीपीओ बैठक छोड़ कर चले गए। सूचना पर पहुंचे आंगनबाड़ी कार्यकत्री के परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए। जहां इलाज के बाद देर शाम धौरहरा कोतवाली पहुंची। सीडीपीओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है। इस बाबत सीडीपीओ सुजीत कमार सिंह ने बताया आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरुद्ध शिकायतें थीं। छह माह से उसका मानदेय बाधित है। मीटिंग में ऐसा कुछ नहीं हुआ, आरोप निराधार है।

## सत्ता का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही भाजपा


पद यात्रा में शामिल पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया समेत सपा नेता। ● अमृत विचार

संवाददाता, धौरहरा

- पीडीए पद यात्रा के दौरान सभा में पूर्व एमएलसी ने भाजपा पर साधा निशाना

**अमृत विचारः** पूर्व एमएलसी और सपा नेता आनंद भदौरिया ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता और तकनीक का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही है। किसानों की मांगों को मानने की बजाय उन पर आंसू गैस के गोले दागकर लाठियां बरसाई जा रही हैं।

पूर्व एमएलसी ने समाजवादी पीडीए पदयात्रा के दौरान उन्होंने सभाओं में भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उनके नेतृत्व में चल रही पद यात्रा शुक्रवार को बसड़िया चौराहे पर मनीष शुक्ला के आवास से शुरू हुई। पदयात्रा खमरिया होते हुए समरदा हरी, महरिया, जसवंत नगर, लुधौनी होते हुए पट्टी दहेली स्थित वरुण यशपाल चौधरी के फार्म पर पहुंची। सभी जगह पर पीडीए पद यात्रियों सहित यात्रा में चल रहे प्रमुख नेताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। संयोजक अनुराग पटेल ने बताया कि समाजवादी पीडीए पदयात्रा को अपार जन समर्थन मिल रहा है। पदयात्रा में वरुण यशपाल चौधरी, जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, इंद्रेश चौधरी पप्पू प्रमुख, अरमान बहादुर सिंह, महामंत्री अंसार महलूद, दीनू चौधरी आदि ने सहभागिता की।

## सार-संक्षेप

### आग से छप्परनुमा दो घर जलकर राख

**संसारपुर।** ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत रामपुर डाटपुर के गांव अंगदपुर में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग जाने से छप्परनुमा दो घर जलकर राख हो गए, दो पशु झुलस गए हैं। जिसमें हजारों का नुकसान हो गया। अंगदपुर गांव में दोपहर अचानक अशफाक पुत्र नन्हूं के छप्परनुमा घर में आग लग गई। धूप अधिक होने और हवाओं के चलने के कारण आग ने पड़ोस के वासिद पुत्र हिदायत के छप्परनुमा घर को भी अपने आगोश में ले लिया, जिससे दोनों घरों में रखे कपड़े, राशन, चारपाई, जल गए। आग से एक गाय तथा भैंस झुलस गई हैं। ग्रामीणों ने परिश्रम कर आग पर काबू पाया। जिससे अन्य घरों को बचा लिया गया। पुलिस चौकी इंचार्ज संसारपुर मोहित पुंडीर ने मौके पर पहुंचे और दमकल कर्मियों को सूचना दी। दमकल कर्मियों के साथ गांव के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान आलिया बेगम के पुत्र इंसाफ खान की सूचना पर लेखपाल दिनेश पांडे ने मौका मुआयना कर दोनों पीड़ितों को शासकीय सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

### वार्षिक उत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**संसारपुर।** कस्बे के नेशनल हाईवे पर स्थित श्री राजेंद्र सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में नौनिहालों ने देश भक्ति गीत, मनमोहक झांकियां, एकांकी तथा भक्ति गीतों से लोगों को भाव विभोर कर दिया। वार्षिक उत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। श्रीराजेंद्र सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल का अवनीश पटेल की अध्यक्षता में हुए वार्षिकोत्सव का आरंभ मुख्य अतिथि सहकारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वार्षिक उत्सव की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। स्कूल प्रबंधक मंजीत वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाध्यापक हरिओम मिश्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि बच्चों में कार्यक्रम को लेकर एक अलग ही उत्साह और उमंग है। आप सबके सहयोग से विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। संचालन मनुदेव मिश्रा ने किया। वार्षिकोत्सव में शिक्षक सूरज मिश्रा, रजनीश कुमार, आशुतोष शर्मा, आकाश अली, महताब आलम, मुनेश यादव, महेश यादव, प्रभात कुमार त्रिवेदी, शिक्षिका प्रियंका वर्मा, प्राची गुप्ता, कांग्रेस नेता कमर आलम, रामेश्वर दयाल शर्मा, डॉ मुकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

### चीनी मिल कर्मचारी मांगों को लेकर लामबंद

**गोला गोकर्णनाथ।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लि की संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने वेतन पुनरीक्षण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रत्नाकर मिश्र को सौंपकर कहा है कि कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण की कमेटी गठित होना चाहिए, वेज रिवीजन होना तो दूर अब तक कमेटी का गठन भी नहीं हुआ है। उनका कहना है कि पिछला वेज रिवीजन राजाज्ञा संख्या का पालन पूर्ण रूप से नहीं किया गया है। केंद्रीय श्रम संगठनों द्वारा मजदूरों और किसानों की मांगों को लेकर संयुक्त रूप से किए गए आह्वान पर शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन और हड़ताल का समर्थन करते हुए यह ज्ञापन दिया गया है। उनकी मांग है कि उत्तर प्रदेश चीनी मिल के कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण के लिए समिति का गठन हाई कोर्ट के न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया जाए। राजाज्ञा संख्या के अनुसार 29 जून 2022 को कारखाने में कार्यरत सभी मजदूरों पर पूर्ण रूप से लागू किया जाए।

RMCH BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

## 21-40 आयु वर्ग में कर्मवीर, कुलजीत व जगदीप बने विजेता

संवाददाता, भीरा (खीरी)

- वन बीट मेडिकल ग्रुप के प्रथम वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने की मैराथन दौड़

**अमृत विचारः** वन बीट मेडिकल ग्रुप के प्रथम वार्षिकोत्सव का आरंभ मैराथन दौड़ से किया गया। ग्रुप के संस्थापक चेयरमैन सरदार बहादुर सिंह ने पहले वन बीट मेडिकल ग्रुप का ध्वज फहराया। इसके बा हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरुआत की।

मैराथन वन बीट कॉलेज कैंपस से होते हुए भीरा में मार्केट से नहर से लखीमपुर मोड़ होते हुए वापस वन बीट कॉलेज कैंपस में 5 किलोमीटर 10 मीटर के बाद समाप्त हुई। महिला और पुरुष को दो वर्गों में विभाजित किया गया और सभी वर्गो को पुनः आयु के अनुसार 15 से 20, 21 से 40 व 41 से 60 आयु वर्ग में विभाजित किया है। इसमें 21 से 40 आयु वर्ग में कर्मवीर कौर गिल, कुलजीत कौर व जगदीप कौर, 41 से 60 आयुवर्ग में विमला, डॉ. अंजली खेरनार व डॉ. आशीष मिश्रा विजेता बने। संस्थान की मैनेजमेंट टीम ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। पश्चात चेयरमैन सरदार बहादुर सिंह ने वॉलीबॉल की बॉल को फेंककर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। वन बीट फार्मेसी टीम व वन बीट पैरामेडिकल टीम के बीच हुए मैच में पैरामेडिकल टीम विजेता रही। अगले तीन दिन तक खेल प्रतियोगिता लगातार चलेंगी।


मैराथन दौड़ में भाग लेते प्रतिभागी।

# खीरी में 137 केंद्रों पर होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


गुरुनानक इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों पर निर्देश देते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह।

- डीएम ने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश
- सात जोन व 13 सेक्टर में बांटे परीक्षा केंद्र, 22 से शुरू होगी

**अमृत विचारः** 22 फरवरी से प्रारंभ होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 को नकलविहीन परीक्षा कराने के उद्देश्य से शुक्रवार की शाम जिला मुख्यालय पर गुरुनानक इंटर कॉलेज सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक ली। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के बैठने, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व शौचालय का इंतजाम पूर्ण करा लें।

जिला प्रशासन बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन आयोजित कराने के लिए कटिबद्ध है। किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर परीक्षा केंद्र में जाने की अनुमति नहीं होगी। एसपी गणेश कुमार साहा ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम व सीओ संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में आने वाले परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले लें। सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि सभी केंद्र व्यवस्थापक निर्भीक होकर अपने उत्तरदायित्वों का पालन करें।

यदि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कीजिए। डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए जनपद में कुल 137 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से 09 मार्च तक दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 08:30 बजे से पूर्वाह्न 11:45 बजे तक, द्वितीय पाली अपराह्न दो बजे से अपराह्न 5:15 बजे तक का समय निर्धारित है। बोर्ड परीक्षा में कुल 97,478 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें बालिकाओं की संख्या 42,419 है। इंटरमीडिएट में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 45,140 है, जिसमें 19490 बालिका हैं। हाईस्कूल में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 52338 है, जिसमें बालिकाओं की संख्या 22,929 है। सभी परीक्षा केंद्रों को सात सेक्टर व 13 जोन में विभाजित किया गया है।

डीएम ने प्रत्येक प्रत्येक सेक्टर व ज़ोन के लिए 1-1 सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए हैं। सभी 137 परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति के साथ-साथ शासन के निर्देशानुसार अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र खुलने से लेकर उत्तर पुस्तिकाएं जमा होने तक की प्रक्रिया की निगरानी सीसीटीवी कैमरों द्वारा की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा केंद्र मुख्य द्वार व परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। संपूर्ण प्रक्रिया की दो-दो सीडी बनाकर डीआईओएस को उपलब्ध करानी होंगी। बैठक में अफसरों ने बोर्ड परीक्षा के संबंध में कायदे कानून बताते हुए अपने विचार रखें। इस मौके पर एएसपी (पूर्वी) पवन गौतम, एएसपी (पश्चिमी) नेपाल सिंह, सभी एसडीएम, सीओ, गुरु नानक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ईशविंदर सिंह मौजूद रहे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने 22 फरवरी से शुरू हो रहीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों को को शुभकामनाएं दी हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपने पुत्र सुदीप सैनी व उसकी पत्नी श्रीमती ज्योति को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राजू पुत्र अर्शफी लाल निवासी 238 संजय नगर थाना बारादरी, जिला बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शकुन्तला था लेकिन अब मैंने अपना नाम बदलकर सीमा कर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पहचाना जाये। **सीमा पत्नी प्रमोद कुमार निवासी मकान नं. -67, ओल्ड आवास विकास कॉलोनी, सिविल लाइंस, रामपुर**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

